दैनिक

# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी    www.Bharatdeshhamara.com    DAILY BHARAT DESH HAMARA PATIALA

रजिस्ट्रेशन नं. पीबी/पीटीए (0273)/2024-26 PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985 वर्ष 42 अंक 158 पटियाला मंगलवार 9 जून 2026 मूल्य दो रुपए कुल पृष्ठ: 8 फोन : 0175-5061948, Posted at RMS Patiala E-mail:- bdhpatiala@gmail.com


### हादसे में युवक की मौत

मुंबई, 8 जून (निस) देश की आर्थिक द्रराजधानी मुंबई में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि बस के कंडक्टर समेत तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा दादर स्थित प्लाजा सिनेमा के पास उस समय हुआ, जब एक बेस्ट बस ने तीन वाहनों को टक्कर मार दी जिस में युवक की मौत हो गयी।

### दिल्ली के मोतीनगर में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ली युवक की जान,.

नई दिल्ली 8 जून (निस) दिल्ली के मोतीनगर में देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने फुटपाथ पर सो रहे युवक को कुचल दिया। गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई। युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पंजाब में सरकारी नौकरियों के लिए योग्यता ही मापदंड, अब बोली नहीं लगती-सीएम मान

## मुख्यमंत्री ने 355 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा-पारदर्शिता से मिलेगी नौकरी

चंडीगढ़, 8 जून (निस)पंजाब सरकार के रोजगार अभियान में एक और मील का पत्थर साबित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज 355 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके साथ ही उनकी सरकार के गठन से अब तक दी गई कुल सरकारी नौकरियों की संख्या 67,037 हो गई है।इस उपलब्धि को पंजाब में नई भर्ती व्यवस्था का प्रत्यक्ष प्रमाण बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार सरकारी नौकरियां सिर्फ योग्यता, पारदर्शिता और निष्पक्ष मुकाबले के आधार पर बिना किसी सिफारिश, राजनीतिक प्रभाव या भ्रष्टाचार के दी जा रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि नीट जैसी पेपर लीक की घटनाओं ने पूरे देश के युवाओं का



विश्वास हिला दिया है और 2017 से अब तक देश भर में 93 पेपर लीक होने की रिपोर्ट हैं। इसके विपरीत पंजाब की बात करें तो वर्ष 2022 से अब तक एक भी पेपर लीक का मामला सामने नहीं आया।युवाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार के व्यापक दृष्टिकोण को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब न सिर्फ नौकरियां पैदा कर रहा है बल्कि ऐसे मौके भी पैदा कर रहा है जो युवाओं को अपने प्रदेश में रहने, आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित करते हैं।उन्होंने हुनरमंद युवाओं के पलायन के रुझान को पलटने, 65,000 ठेका कर्मचारियों के लिए रेगुलर नौकरी का रास्ता खोलने, 25 नई आई.टी.आई. और 13 मौजूदा आई.टी.आई. संस्थानों के अपग्रेडेशन के माध्यम से हुनर विकास में बड़े निवेश की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप सरकार पंजाब के युवाओं को देश में रहकर ही अपना भविष्य बनाने के लिए उन्हें विश्वास भरने, उचित मौके और हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।तकनीकी शिक्षा, सहकारिता, स्थानीय निकायों, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता, पशुपालन, लोक निर्माण, आवास निर्माण एवं शहरी विकास तथा अन्य विभागों में नए चुने गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह दिन पंजाब सरकार के राज्य के युवाओं को रोजगार और सुशासन के माध्यम शेष पृष्ठ आठ पर

### खड़गे ने परीक्षा विवाद पर शिक्षामंत्री का इस्तीफा मांगा

# इंडिया ब्लॉक का केन्द्र पर हमला, एसआईआर में करोड़ों वोटरों के नाम काटने का आरोप

नई दिल्ली, 8 जून (निस) विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की दो वर्ष बाद आयोजित सातवीं बैठक सोमवार को राजधानी दिल्ली में संपन्न हुई। बैठक में 25 राजनीतिक दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, एनसीपी (शरद पवार गुट) की नेता सुप्रिया सुले और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। वहीं शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल




हुए। बैठक के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि दो घंटे से अधिक चली चर्चा में पांच प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनी है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट और सीबीएसई से जुड़े मामलों में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं,स्त्रद्द जिससे देश के युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। खड़गे ने कहा कि इन गड़बड़ियों की जिम्मेदारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री की है और उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। खड़गे ने चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। विपक्षी गठबंधन इस मामले को लोकतंत्र और चुनावी निष्पक्षता से जुड़ा गंभीर विषय मानता है। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक इस संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग करेगा।


गठबंधन की अगली बैठक 8 अगस्त को -विपक्षी नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक चुनौतियों पर भी चिंता व्यक्त की। खड़गे ने केंद्र सरकार से इन मुद्दों पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े सवालों को संसद और सड़क दोनों स्तरों पर मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि इंडिया ब्लॉक अब नियमित रूप से हर दो महीने में बैठक करेगा। आगामी मानसून सत्र के दौरान भी समन्वय बैठकों शेष पृष्ठ आठ पर

### टीएमसी सांसद सुखेन्दु राय का इस्तीफा

नई दिल्ली,8 जून (निस) तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को सोमवार को तब बड़ा झटका लगा जब उसके वरिष्ठ राज्यसभा सांसद सुखेन्दु शेखर राय ने उच्च सदन से इस्तीफा देकर पार्टी छोड़ दी। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब पश्चिम बंगाल में विधायकों के एक बड़े वर्ग के विद्रोह के बाद पार्टी एक गंभीर आंतरिक संकट से जूझ रही है। राय का इस्तीफा पार्टी नेतृत्व के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, खासकर जब उन्होंने हाल ही में चेतावनी दी थी कि विधानसभा में चल रही अशांति संसद तक फैल सकती है। ताजा घटनाक्रम तृणमूल कांग्रेस के करीब 60 विधायकों द्वारा निष्कासित विधायक ऋतब्रता बनर्जी को बंगाल विधानसभा में विपक्ष का नेता घोषित करने के कुछ ही दिनों बाद हुआ है। इस कदम से पार्टी को बड़ा झटका लगा था और सांसदों के बीच भी इसी तरह के विद्रोह की आशंका पैदा हुई थी। सुखेन्दु राय ने सार्वजनिक रूप से ऐसी संभावना जाहिर कर कहा था कि विधानसभा में जो घटनाक्रम हुआ है, वह अंततः संसद में भी हो सकता है।उच्च सदन से पद छोड़ने के बाद, राय ने आरजी कर मामले का जिक्र कर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस आयुक्त और आरजी कर मामले के प्रमुख से हिरासत में पूछताछ की मांग की थी। मुझे अब भी विश्वास है कि सबूतों से छेड़छाड़ में उनकी ही मुख्य भूमिका थी।

# फिलीपीन्स व आसपास 7.8 तीव्रता वाला जबरदस्त भूकम्प, 5 मरे, अनेक घायल, सुनामी का अलर्ट

दावो 8 जून (निस )फिलीपींस के दक्षिणी तट के पास सोमवार को सुबह-सुबह भूकंप के बेहद तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 7.8 मापी गई है। इस शक्तिशाली भूकंप के बाद फिलीपींस समेत दुनिया के कई पड़ोसी देशों में सुनामी का हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। आपदा की इस घड़ी में दक्षिणी फिलीपींस में भारी तबाही की खबरें आ रही हैं, जहां कई इमारतें जमींदोज हो गई हैं और कम से कम 5 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। स्थानीय पुलिस और आपदा प्रबंधन अधिकारियों के अनुसार, भूकंप के



कारण मलबे में दबने से एक व्यक्ति की जान चली गई है और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि भूकंप से बड़े पैमाने पर इमारतें प्रभावित हुई हैं, लेकिन फिलहाल पूरा ध्यान लोगों को बचाने पर केंद्रित होने के कारण नुकसान का सटीक आंकड़ा आना अभी बाकी है। जानकारी के मुताबिक, समुद्र में आए इस भूकंप का केंद्र मिंडानाओ के सारंगानी प्रांत से लगभग 24 किलोमीटर पश्चिम में और जमीन से 35 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के झटके इतने खतरनाक थे कि जनरल सैंटोस शहर में स्थित एक बड़ा शॉपिंग सेंटर ताश के पत्तों की तरह ढह गया और मलबे के ढेर में बदल गया। इसके अलावा, एक स्थानीय स्कूल परिसर की इमारत गिरने का वीडियो भी सामने आया है। इस भीषण भूकंप के बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने आपातकालीन नोटिस जारी किया है। इसके तहत फिलीपींस, इंडोनेशिया, पलाऊ, ताइवान और पापुआ न्यू गिनी के तटीय क्षेत्रों में खतरनाक सुनामी लहरें उठने की आशंका जताई गई है। दूसरी ओर, जापानी अधिकारियों ने भी अपने प्रशांत तटीय इलाकों के लिए सुनामी एडवाइजरी जारी कर दी है, जहां एक मीटर तक ऊंची लहरें उठने का अनुमान लगाया गया है।

# नीट-यूजी की 21 जून को होने वाली दोबारा परीक्षा के लिए एनटीए की खास तैयारी

नई दिल्ली 8 जून (निस): नीट-यूजी पेपर लीक विवाद के बाद अब शिक्षा मंत्रालय और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) 21 जून को होने वाली दोबारा परीक्षा के लिए सुरक्षा का ऐसा चक्रव्यूह बना रहा हैं, जो हाल के सालों में नहीं देखा होगा। परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पेपर सेट करने, उसकी मॉडरेशन करने और हिंदी-अंग्रेजी समेत अन्य भाषाओं में अनुवाद करने वाले सभी एक्सपर्ट्स को एक गुप्त और बेहद सुरक्षित स्थान पर लॉकडाउन में भेज दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह कड़ा




लॉकडाउन आगामी 21 जून को परीक्षा खत्म होने तक जारी रहेगा। इस दौरान पेपर सेटर और ट्रांसलेटर किसी से भी नहीं मिल सकेंगे। बता दें मई में हुई परीक्षा के रद्द होने से परेशान 22 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों की चिंताओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इस बार सुरक्षा व्यवस्था को मल्टी-टियर बनाया गया है, जिसमें लॉकडाउन पहला चरण है। गुप्त फैसिलिटी में रह रहे सभी विशेषज्ञों के मोबाइल फोन, लैपटॉप और पर्सनल कम्युनिकेशन डिवाइस पूरी तरह जब्त कर लिए गए हैं। परिसर में इंटरनेट के इस्तेमाल और बाहरी संपर्कों पर कड़ा नियंत्रण है। यहां तक कि स्मार्टवॉच ले जाने पर भी पाबंदी है।परिसर के अंदर और बाहर जाने वाले हर व्यक्ति की कड़ी मॉनिटरिंग और डॉक्यूमेंटेशन की जा रही है।

## गुजरात में सीएम पटेल की मौजदूगी में भाजपा उम्मीदवारों ने नामांकन भरे

गांधीनगर 8 जून (निस गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की प्रेरक उपस्थिति में भाजपा के चारों उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव के लिए विधिवत रूप से अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ऋषिकेश पटेल ने मीडिया से बातचीत में इस घटना को 'ऐतिहासिक' बताया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं, जबकि गुजरात में उनके नेतृत्व को मिलाकर लगभग 25 वर्षों से अधिक समय तक एक निरंतर राजनीतिक नेतृत्व का प्रभाव रहा है। मंत्री ने दावा किया कि इस बार नए और युवा चेहरों को अवसर मिला है और यह पहली बार होगा कि राज्यसभा में गुजरात से कांग्रेस का कोई सांसद नहीं होगा। गांधीनगर विधानसभा परिसर में शुभ मुहूर्त में भाजपा द्वारा घोषित चारों उम्मीदवार राजू शुक्ल, मुकेश राठवा, मानसिंह परमार और जितेंद्र कंजारिया ने चुनाव अधिकारी के समक्ष अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, राज्य मंत्रिमंडल के वरिष्ठ मंत्री, संगठन पदाधिकारी और बड़ी संख्या में विधायक उपस्थित रहे।

# विशाखापटनम के स्टील प्लांट में भीषण हादसे में आठ कर्मचारियों की मौत

विशाखापट्टनम, 8 जून (निस) आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को हुए भीषण औद्योगिक हादसे में कम से कम आठ कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। दुर्घटना प्लांट की एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में उस समय हुई, जब अत्यधिक तापमान पर मौजूद पिघले हुए स्टील से भरा एक लेडल अचानक फट गया और बड़ी मात्रा में स्टील का रिसाव होने लगा।हादसे के बाद पूरे संयंत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज धमाके



के साथ पिघला हुआ स्टील आसपास फैल गया, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए। दुर्घटना के बाद कर्मचारियों और अधिकारियों ड्डने जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर दौड़ लगाई। विशाखापट्टनम स्टील प्लांट सर्किल इंस्पेक्टर केसव राव ने हादसे की पुष्टि करते हुए मीडिया को बताया कि दुर्घटना में आठ कर्मचारियों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही प्लांट के सुरक्षा कर्मी, अग्निशमन दल और आपदा प्रबंधन टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया और आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए।

## बंगाल की शुभेन्दु सरकार ने जांच के लिए सीबीआई को खुली छूट दी

कोलकाता 8 जून (निस) पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में सीबीआई को जांच करने की पूरी छूट देने का बड़ा फैसला किया है। होम एंड हिल अफेयर्स विभाग की तरफ से 8 जून 2026 को जारी अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट (डीएसपीई) एक्ट, 1946 के तहत सीबीआई को राज्य में केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) के कर्मियों और उनसे जुड़े मामलों की जांच करने की अनुमति दी गई है। इस नोटिफिकेशन का सीधा मतलब यह है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने सीबीआई को राज्य में कुछ मामलों की जांच करने के लिए फिर से सामान्य सहमति दे दी है, लेकिन यह छूट पूरी तरह बिना शर्त नहीं है। यह अधिकार दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट एक्ट, 1946 की धारा 6 के तहत दिया गया है। नोटिफिकेशन 8 जून से तत्काल प्रभाव से लागू हो रहा है।



# झारखंड राज्यसभा चुनाव:क्रॉस वोटिंग के खतरे के बीच कांग्रेस विधायकों को तेलंगाना भेजा जाएगा

रांची, 8 जून (निस) झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गलियारों में सरगर्मी तेज है। क्रॉस वोटिंग की संभावित खतरे के मद्देनजर, कांग्रेस अपने सभी 16 विधायकों को तेलंगाना भेजने की रणनीति पर काम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, ये विधायक 18 जून को होने वाले मतदान तक तेलंगाना के रिसॉर्ट में रुक सकते हैं, हालांकि पार्टी ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पार्टी नेतृत्व किसी भी तरह का जोखिम लेने को तैयार नहीं है और विधायकों को एकजुट रखने की रणनीति को संभावित क्रॉस वोटिंग के खतरे को टालने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। झारखंड की राजनीति में इस तरह की बाड़ेबंदी की सुगबुगाहट यह स्पष्ट करती है कि अपने विधायकों में संभावित फूट से चिंतित है।

झारखंड विधानसभा में वर्तमान में इंडिया गठबंधन के पास 56 सदस्यों का स्पष्ट बहुमत है, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 34, कांग्रेस के 16, राष्ट्रीय जनता दल (राजद)



के चार और भाकपा (माले) लिबरेशन के दो विधायक शामिल हैं। इसके विपरीत, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास केवल 24 विधायक हैं, जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 21 और लोजपा (रामविलास), आजसू व जदयू के एक-एक सदस्य हैं। इस संख्याबल के हिसाब से दोनों सीटें इंडिया गठबंधन के खाते में जानी तय दिख रही हैं। हालांकि, भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी के लिए 9 भाजपा विधायकों सहित कुल 12 विधायकों के प्रस्तावक बनने की खबरों ने कांग्रेस को रक्षात्मक मुद्रा अपनाने पर मजबूर किया है। इन आशंकाओं के बीच, रांची में इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद, गठबंधन ने एकजुटता का दावा कर किसी भी मतभेद से इंकार किया और दोनों प्रत्याशियों की भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने की बात कही। गठबंधन के फैसले के अनुसार, सोमवार को दोनों प्रत्याशियों का नामांकन होना है, झामुमो की ओर से पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम और कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के करीबी प्रणव झा अपना पर्चा दाखिल कर सकते है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने भी गठबंधन की एकजुटता पर जोर देकर कहा कि हमारे पास 56 विधायकों का संख्या बल है, जिससे दोनों सीटें जीतना तय है। उन्होंने दावा किया कि इस बार क्रॉस वोटिंग की संभावना 0.1 प्रतिशत भी नहीं है, क्योंकि सभी एकजुट हैं और उनका लक्ष्य सांप्रदायिक ताकतों को रोकना है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलकर कहा कि उसके पास संख्या बल नहीं है, इसलिए उन्हें उम्मीदवार नहीं देना चाहिए।

### बस-ट्रक टक्कर में आंध्र प्रदेश के तीन श्रद्धालुओं की मौत, बीस घायल

पटना, 8 जून (निस) बिहार के औरंगाबाद जिले में देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में आंध्र प्रदेश के तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हुए। आंध्र प्रदेश से बोधगया में दर्शन के बाद वाराणसी जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक पर्यटक बस राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर औरंगाबाद के भभानी होटल के पास एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस के अनुसार, बस में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बस चालक आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, तभी यह दुर्घटना हो गई। मृतकों की पहचान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के संगमा गांव निवासी 50 वर्षीय हजरतय्या, पद्मावती और 64 वर्षीय पशुलेटी वेंकटेश के रूप में हुई है। औरंगाबाद सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं, जिनमें सुभानम्मा, नरेंद्र रेड्डी और प्रसाद शामिल हैं।

### लोस अध्यक्ष बिरला ने सम्मेलन का उदघाटन किया...

# चुनौतियों के समाधान के लिए जन-जागरूकता, सहभागिता और प्रभावी विधायी नेतृत्व की आवश्यकता- सीएम नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़, 8 जून (निस) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरी दुनिया अभूतपूर्व परिवर्तनों के दौर से गुजर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइबर सिक्योरिटी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा की बढ़ती जरूरतें, डिजिटल अर्थव्यवस्था, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सामाजिक असमानताएं हमारे सामने नई चुनौतियां बनकर खड़ी हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल प्रशासनिक निर्णयों से संभव नहीं है। इसके लिए जन-जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और प्रभावी विधायी नेतृत्व की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा के तत्वावधान में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ इंडिया रीजन के जोन-2 के तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा



अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने किया। इस अवसर पर राज्य सभा के उप-सभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह, विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण, उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण मिड्ढा, हरियाणा के संसदीय कार्य मंत्री श्री महिपाल ढांडा भी उपस्थित थे। तीन दिन तक चलने वाले सम्मेलन में देश के 15 विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, उप-पीठासीन अधिकारी और विधायक भी भाग ले रहे है। उद्घाटन सत्र के दौरान हरियाणा के इतिहास पर एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थित अतिथियों का हरियाणा पधारने पर अभिनंदन करते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा का यह सदन इस राष्ट्रीय सम्मेलन का साक्षी बना है, यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है। लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि यह सदन स्वयं एक जीती-जागती विरासत है। इन दीवारों ने पिछले छह दशकों में लोकतंत्र की अनेक गाथाएं सुनी हैं, जन आकांक्षाओं को स्वर लेते देखा है, महत्वपूर्ण मुद्दों को आत्मसात किया है और अनेक ऐतिहासिक निर्णयों की साक्षी बनी हैं।उन्होंने कहा कि 1966 में जब हरियाणा बना, तब लोगों ने कहा कि यह छोटा राज्य है। संसाधन कम हैं। रास्ता कठिन है। लेकिन हरियाणा की इस मिट्टी का स्वभाव ही कुछ और है। यह वही धरती है, जहां अर्जुन को यह ज्ञान मिला था कि कर्म कर, फल की चिंता मत कर। इस मिट्टी शेष पृष्ठ आठ पर

# सम्पादकीय

## बिना किसी पहचान के नायक- जिन्होंने संकट में मानवता को बचाए रखा

इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म कहा जाता है, और हाल ही में मीडिया की सुर्खियों में आई एक घटना ने इस सत्य को फिर से प्रमाणित किया है।पाठक जानते होंगे कि दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में 3 जून 2026, बुधवार को सुबह लगभग 9-45 बजे भीषण आग लग गई, जिसमें 21 लोगों की जान चली गई। मृतकों में 11 विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जिनमें से अधिकांश अपने रिश्तेदारों के इलाज के लिए दिल्ली आए थे और उसी होटल में ठहरे हुए थे। इस दुखद घटना के दौरान एक तस्वीर ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तस्वीर में कई लोग होटल की ऊंचाई से सड़क पर बिछाए गए गद्दों पर कूदकर अपनी जान बचाते दिखाई दिए। मीडिया में प्रकाशित समाचारों के अनुसार यह साहसिक और सूझबूझ भरा कार्य होटल के ठीक सामने गद्दों की दुकान चलाने वाले रियाजुद्दीन मंसूरी और उनके बेटे अरमान मंसूरी ने किया था। आग की भयावहता को देखते हुए उन्होंने तुरंत अपनी दुकान के गद्दे सड़क पर बिछा दिए, जिससे होटल में फंसे लोग उन पर कूदकर सुरक्षित बाहर निकल सके।उपलब्ध जानकारी के अनुसार सड़क पर बिछाए गए गद्दों पर एक बार में सात से आठ लोगों ने छलांग लगाई, जबकि बाद में यह संख्या बढ़कर बारह से पंद्रह लोगों तक पहुंच गई। इस प्रयास से कई लोगों की जान बच गई। रियाजुद्दीन और उनके बेटे ने केवल इतना ही नहीं किया, बल्कि उन्होंने घायलों को बाहर निकालने में भी सहायता की और उन्हें अस्पताल भिजवाने के लिए चादरें तथा अन्य आवश्यक कपड़े उपलब्ध कराए। यहां तक कि एंबुलेंस से शव ले जाने के लिए भी उन्होंने बेडशीट और रजाइयों के कवर दिए। इस मानवीय कार्य के दौरान उनकी दुकान का काफी सामान नष्ट हो गया। हालांकि, इस लेख के लिखे जाने तक उनके नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं मिली थी। इसके बावजूद रियाजुद्दीन मंसूरी इस बात से संतुष्ट हैं कि उन्होंने संकट की घड़ी में लोगों की जान बचाने में योगदान दिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, आग देखकर जब हमें लगा कि शायद लोग नहीं बच पाएंगे, तो हमने अपनी दुकान के गद्दे रोड पर बिछा दिए। उस पर एक बार में सात से आठ लोग कूदे। फिर उनकी संख्या बढ़कर 12 से 15 हो गई। ये सब सुरक्षित बच गए। फिर हमने एंबुलेंस से बॉडी ले जाने के लिए भी बेड-शीट और रजाई के कवर दिए। मदद का सुकून है, पर दुकान के माल की भरपाई के लिए कोई नहीं आया। रियाजुद्दीन मंसूरी ने यह भी बताया कि यदि होटल का दूसरा निकास द्वार खुला होता, तो और अधिक लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इस दुर्घटना के दौरान मालवीय नगर थाने में तैनात हवलदारों और सिपाहियों ने भी राहत एवं बचाव अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए लगातार प्रयास किए, यह सराहनीय है। दिल्ली की इस भीषण आग के दौरान जो दृश्य सामने आए, वे इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि आज के स्वार्थ और भागदौड़ से भरे युग में भी इंसानियत पूरी तरह जीवित है। संकट के समय कुछ लोगों द्वारा दिखाया गया साहस, संवेदनशीलता और निःस्वार्थ सेवा मानवता की सर्वोच्च भावना को अभिव्यक्त करता है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी कहा है-वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे, यही पशु-प्रवृत्ति है कि आप ही आप चरे। ईश्वर ने मनुष्य को इस धरती का सबसे विवेकशील प्राणी बनाया है। इसलिए केवल अपने स्वार्थ, भोजन और संग्रह के लिए जीवन व्यतीत करना पशु-प्रवृत्ति के समान है। मानव जीवन का उद्देश्य इससे कहीं अधिक व्यापक और उच्च होना चाहिए। जब मनुष्य अपने विवेक को भूलकर अभिमान और अहंकार के प्रभाव में जीने लगता है, तब वह पतन के मार्ग पर अग्रसर हो जाता है। आपदाएं और विपरीत परिस्थितियां पलभर में मनुष्य को उसकी सीमाओं और बेबसी का एहसास करा देती हैं।वास्तव में संसार में इंसानियत से बड़ा कोई धर्म, मजहब या आस्था नहीं है। सच्चा मनुष्य वही है जो बिना किसी भेदभाव के संकट में फंसे लोगों की सहायता करे और उनके दु:ख को अपना दु:ख समझे। परोपकार, करुणा, सहानुभूति और सेवा की भावना ही मानव जीवन को सार्थक बनाती है। यह घटना हमें याद दिलाती है कि मानवता आज भी जीवित है और यही मानव सभ्यता की सबसे बड़ी शक्ति है।

## मृत्यु के उपरांत शरीर नष्ट हो जाता है

अष्टावप्र गीता में आचार्य अष्टावक्र कहते हैं कि मनुष्य शरीर मात्र शरीर नहीं है। वह चैतन्य आत्मा है। आत्मा ही इस शरीर की पोषक है। जैसे ही आत्मा इस शरीर से बाहर निकलती है, शरीर विकृत होने लगता है। बुद्धि, कर्म, भोग, अहंकार, लोभ, मोह शरीर और मन के धर्म हैं, आत्मा के नहीं। आत्मज्ञान के अभाव में ऐसी भ्रांति हुआ करती है कि मैं एक शरीर हूं, आत्मा नहीं। यही तो अज्ञान है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इन पांच तत्वों से मिलकर शरीर बनता है, जो भौतिक, अनित्य और नष्ट होने वाला है। मृत्यु के उपरांत शरीर नष्ट हो जाता है, पर हम शरीर के नष्ट हो जाने के बाद भी अगली यात्र पर निकल जाते हैं। जैसे पुराने वस्त्रों को छोड़कर नया वस्त्र धारण कर लेते हैं। यह शरीर हमारा वस्त्र मात्र है, जो भौतिक पदार्थों से मिलकर बना है। हम सब घर नहीं, बल्कि इसमें रहने वाले मालिक हैं। हम बार-बार यह कहते हैं कि हम शरीर नहीं आत्मा हैं, जो चैतन्य है। आत्मा का कोई वर्ण नहीं होता, वह ब्राण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र नहीं होती। वह तो चैतन्य-र्शक्ति मात्र है, जो समस्त प्रकार के जीवों में समान रूप से व्याप्त है। यह आत्मा न किसी वर्ण वाली है और न आश्रम वाली है। आत्मा की न कोई जाति होती है और न ही कोई धर्म होता है। ये चार आश्रम-ब्राचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास वाली भी नहीं है। आत्मा न कर्ता है और न भोक्ति है और न ही भोग्य विषय है। इन तीनों से परे असंग, निराकार और साक्षी मात्र है। 1कुछ लोग कहते हैं कि यह घोर कलयुग है, यह पंचम काल है। इसमें तो मुक्ति हो ही नहीं सकती। इस संदर्भ में आचार्य अष्टावप्र कहते हैं कि तुम अपने को चैतन्य में स्थिर कर लो तो अभी मुक्ति को प्राप्त हो सकते हो। जैसे दीपक जलते ही अंधेरा गायब हो जाता है, उसी तरह क्या आत्मज्ञान के प्रकाश से अज्ञान रूपी अंधकार गायब नहीं हो सकता। अज्ञान के मिटते ही जीव की सभी भ्रांतियां मिट जाती हैं।

# अमेरिका-ईरान में फिर बढ़ता तनाव और संयम की आवश्यकता

-कांतिलाल मांडोत

मध्य पूर्व एक बार फिर अशांति और संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल दो देशों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी दुनिया की शांति, सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच जिस प्रकार सैन्य गतिविधियां बढ़ी हैं, उससे यह आशंका गहरा गई है कि यदि समय रहते स्थिति को नियंत्रित नहीं किया गया तो इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर दिखाई देगा। ऐसे समय में जब दुनिया पहले से ही अनेक आर्थिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है, तब किसी नए बड़े संघर्ष की संभावना मानवता के लिए चिंता का विषय है।हाल ही में अमेरिका द्वारा ईरान के रडार और ड्रोन ठिकानों पर की गई सैन्य कार्रवाई ने तनाव को और बढ़ा दिया है। अमेरिका का कहना है कि यह कदम अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है। दूसरी ओर ईरान ने इस कार्रवाई को उकसावे की नीति बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इसके जवाब में कुवैत की दिशा में मिसाइलें दागे जाने की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में भय और अनिश्चितता का माहौल पैदा कर दिया है। यद्यपि विभिन्न पक्ष अपने-अपने तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि सैन्य कार्रवाई किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लोगों से शांत रहने की अपील करते हुए कहा है कि अंतत: सब ठीक हो जाएगा और ईरान वास्तव में समझौता करना चाहता है। यह बयान कुछ हद तक आशा जगाता है, किंतु इसके साथ ही सैन्य हमलों का जारी रहना विरोधाभासी स्थिति उत्पन्न करता है। यदि वास्तव में बातचीत और समझौते की संभावना मौजूद है तो फिर सैन्य दबाव बढ़ाने की रणनीति शांति प्रक्रिया को कमजोर कर सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी संवाद के स्थान पर हथियारों को प्राथमिकता दी गई है, तब संघर्ष और अधिक जटिल हुआ है। ईरान ने भी अमेरिका के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ताओं को रोकने का संकेत देकर स्पष्ट कर दिया है कि वह दबाव की राजनीति स्वीकार करने को तैयार नहीं है। ईरानी नेतृत्व का मानना है कि लगातार सैन्य कार्रवाई और प्रतिबंधों के बीच सार्थक वार्ता संभव नहीं है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई लगातार गहरी होती जा रही है। किसी भी




समझौते की सफलता के लिए परस्पर विश्वास आवश्यक होता है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह विश्वास कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है।इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य है। यह समुद्री मार्ग विश्व के ऊर्जा व्यापार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। दुनिया के बड़े हिस्से में उपयोग होने वाला तेल इसी मार्ग से होकर गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है या समुद्री यातायात बाधित होता है तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ेगा। तेल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन, उद्योग और व्यापार प्रभावित होंगे, जिसका असर आम लोगों तक पहुंचेगा। विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर इसका विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।जापान, यूरोपीय संघ और सऊदी अरब जैसे देशों द्वारा शांति और संयम की अपील किया जाना इस बात का प्रमाण है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस स्थिति को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त कर रहा है। जापान ने विशेष रूप से संवाद और समझौते का रास्ता अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। यूरोपीय देशों का भी मानना है कि सैन्य कार्रवाई के बजाय कूटनीतिक प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सऊदी अरब ने क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। इन प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट है कि दुनिया का अधिकांश हिस्सा युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है।आज के वैश्विक युग में किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष का प्रभाव सीमित नहीं रहता। एक देश में पैदा हुई अस्थिरता दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और सामाजिक जीवन को प्रभावित करती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान दुनिया ने देखा कि कैसे एक क्षेत्रीय संघर्ष ने खाद्यान्न, ऊर्जा और व्यापार व्यवस्था को प्रभावित किया। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और बढ़ता है तो उसके परिणाम भी व्यापक और दूरगामी हो सकते हैं। इसलिए यह केवल मध्य पूर्व का मामला नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया की चिंता का विषय है।

संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इन संस्थाओं का उद्देश्य ही वैश्विक शांति और सुरक्षा बनाए रखना है। उन्हें दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कराने और तनाव कम करने के लिए सक्रिय पहल करनी चाहिए। विश्व समुदाय को भी निष्पक्ष और रचनात्मक भूमिका निभानी होगी ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या उकसावे की स्थिति को रोका जा सके। यह भी आवश्यक है कि दोनों देशों के नेतृत्व दूरदर्शिता और धैर्य का परिचय दें। भावनात्मक प्रतिक्रियाएं और शक्ति प्रदर्शन अल्पकालिक राजनीतिक लाभ दे सकते हैं, लेकिन दीर्घकाल में वे विनाशकारी सिद्ध होते हैं। युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ता है। हजारों परिवार उजड़ जाते हैं, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं और विकास की गति वर्षों पीछे चली जाती है। इसलिए किसी भी जिम्मेदार नेतृत्व का पहला कर्तव्य शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देना होना चाहिए। मानव इतिहास ने यह सिखाया है कि युद्ध कभी भी अंतिम समाधान नहीं होता। अंतत: हर संघर्ष का समाधान बातचीत की मेज पर ही खोजा जाता है। यदि ऐसा है तो फिर अनावश्यक सैन्य टकराव और शक्ति प्रदर्शन से बचना ही बुद्धिमानी है। अमेरिका और ईरान दोनों प्रभावशाली राष्ट्र हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे वैश्विक जिम्मेदारी का परिचय दें और ऐसे कदम उठाएं जो तनाव कम करने में सहायक हों। आज आवश्यकता इस बात की है कि दोनों देश संवाद, विश्वास और सहयोग का मार्ग अपनाएं। विश्व शांति केवल एक आदर्श नहीं बल्कि मानव सभ्यता की आवश्यकता है। यदि शांति बनी रहेगी तभी विकास, समृद्धि और स्थिरता संभव होगी। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है कि संघर्ष का रास्ता अंतत: विनाश की ओर ले जाता है, जबकि संवाद और समझौता ही स्थायी समाधान प्रदान करते हैं। विश्व समुदाय की यही अपेक्षा है कि दोनों देश संयम बरतें, शांति बनाए रखें और मानवता के हित में ऐसे निर्णय लें जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्थिर भविष्य सुनिश्चित कर सकें।

# व्यवस्था के बाहर ही नहीं भीतर भी भरी है कॉकरोच

– तनवीर जाफ़री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हज़ारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकठ्ठा होने के लिये मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफ़े की मांग कर रहे थे। जेन ज़ी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफ़ा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किये जायेंगे। ग़ौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान नीट-यूजी 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ़्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में नीट-यूजी का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014-2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार ज्ञश्वज्ञ, यूपीएससी तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है। इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021-2024 में हुए। ऐसे में युवा बेरोज़गार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है।

अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था की अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोज़गार नहीं मिल रहा है। ये युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आर टी आई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं । जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोज़गारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौक़े की नज़ाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफ़ाई देते हुये कहा कि उनकी बात को तोड़-मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फ़र्ज़ी डिग्रियों और ग़लत तरीक़ों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं। परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोज़गार युवा और व्यवस्था से नाराज़ नई युवा पीढ़ी जेन ज़ी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से पहले एक मज़ाक़िया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, ङ्ग (ट्विटर) जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर तेज़ी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ़ 5 दिन में 1.87 करोड़ फॉलोवर्स हो गये। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका ङ्ग (ट्विटर) अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया।


जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफ़ाई दिये जाने के बावजूद कॉकरोच की परछाईं उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (ढ्ढ) और अंतरराष्ट्रीय क़ानून विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोज़गार युवाओं को कॉकरोच बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नज़र आने लगा है। युवाओं का ग़ुस्सा केवल कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस,युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा माँगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई की मांग की।

ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ़ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाज़ुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान,प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोज़गार बताया था। उन्होंने कहा था कि बेरोज़गार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं। यह बयान उस समय छात्रों में भारी आक्रोश पैदा कर गया था। छात्रों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी कि बेरोज़गारी का समाधान भीख मांगना नहीं बल्कि सही रोज़गार सृजन है। इसी वाइस चांसलर ने छात्रों को हिंसा करने के लिये भी उकसाया था। गोया पूरी शिक्षा प्रणाली को ही साम्प्रदायिकता का कलेवर चढ़ा कर नए ढंग से परिभाषित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पहले चुनावों में हार अब पार्टी में बगावत, ममता संकट में

– मनोज कुमार अग्रवाल

आपने एक पुरानी कहावत तो जरूर सुनी होगी कंगाली में आटा गीला। यह ममता बनर्जी के साथ बिल्कुल खरी साबित हो रही है एक ओर वह सत्ता से बाहर हो गयीं हैं दूसरे ओर उनके अपने ही उनके खिलाफ मुखर हो गएं हैं। आपको बता दें पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीतिक और कानूनी परेशानियां मई 2026 में हुए विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद से लगातार बढ़ रही हैं। पार्टी के भीतर बड़ी बगावत और कानूनी मुकदमों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। ममता बनर्जी की बढ़ती परेशानियों की वजह ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस अपने 28 साल के इतिहास के सबसे बड़े आंतरिक संकट से जूझ रही है। पार्टी के 58 विधायकों ने बागी रुख अपनाते हुए निष्कासित नेता ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुन लिया है, जिसे विधानसभा स्पीकर ने मंजूरी भी दे दी है। इसके साथ ही, लगभग 20 से अधिक टीएमसी सांसदों के भी भाजपा के संपर्क में होने की खबरें सामने आ रही हैं। पार्टी पर पकड़ ढीली होने का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि संकट के बीच ममता बनर्जी द्वारा बुलाई गई हाई-लेवल बैठक में 80 में से केवल 8 विधायक और 41 में से सिर्फ 6 सांसद ही शामिल हुए। ज्यादातर निर्वाचित प्रतिनिधियों ने इस बैठक से दूरी बना ली, जो उनके नेतृत्व को एक सीधा चैलेंज माना जा रहा है। राजनीतिक मोर्चे के साथ-साथ ममता बनर्जी अब कानूनी पचड़े में भी फंस गई हैं। चुनाव के दौरान दिए गए उनके बयानों और बांग्लादेश में हुई राजनीतिक हत्या के मामले को केंद्र सरकार से जोड़ने को लेकर उनके खिलाफ सिलीगुड़ी और कोलकाता में राजद्रोह और हेट स्पीच की शिकायतें व पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने इसे देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। सत्ता हाथ से जाने के बाद जमीनी स्तर पर भी भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण भगदड़ मची हुई है। उनके बेहद करीबी माने जाने



वाले कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और बिधाननगर की मेयर कृष्णा चक्रवर्ती ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसके अलावा राज्यभर में 100 से ज्यादा टीएमसी पार्षदों और स्थानीय नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। ममता बनर्जी को अपने ही गढ़ भवानीपुर सीट से भाजपा के सुवेंदु अधिकारी के हाथों 15,105 वोटों से हार का सामना करना पड़ा। राज्य में 15 साल पुराने टीएमसी शासन का अंत हो गया है और सुवेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा की नई सरकार का गठन हो चुका है। ममता बनर्जी इन सभी विपरीत हालातों के खिलाफ सड़कों से लेकर हाइकोर्ट तक कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ रही हैं।आपको पता है कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के परिणाम एक माह पूर्व 4 मई को सामने आए थे। इनमें ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को निराशा का मुंह देखना पड़ा था। 294 सीटों वाली इस विधानसभा में उसे 80 सीटें ही मिली थीं। इस तरह 15 वर्ष तक प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं ममता का शासन खत्म हो गया था। ममता ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस से की थी। लम्बी अवधि तक वह इसके साथ जुड़ी रहीं, परन्तु 28 वर्ष पूर्व 1998 में उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) का गठन किया था और कम्युनिस्ट पार्टियों के तीन दशकों से भी अधिक प्रदेश में चले आ रहे लम्बे शासन को खत्म करने के लिए बड़ी दिलेरी और दृढ़ता से उसका मुकाबला किया था। इस समय लोकसभा में इनके 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं, परन्तु विगत लम्बी अवधि से इस पार्टी के भीतर ममता की तानाशाही और टकराव वाली नीतियों के कारण असंतोष और असहमति चल रही थी, परन्तु उनकी प्रशासन पर सख्त पकड़ और कठोर फैसलों से यह बग़ावत अंदर-अंदर ही सुलगती रही थी।ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपने साथ राजनीति में लाकर उसे अधिक शक्तियां दे दी थीं। बनर्जी के काम करने के ढंग-तरीके से भी पार्टी गलियारों में असंतोष था, जिसके संबंध में ममता को लगातार उनकी पार्टी के नेताओं द्वारा अवगत करवाया जाता रहा था परन्तु ममता ने इस बात की ओर ध्यान नहीं दिया। अपनी ताकत के दम पर उन्होंने बड़ी राष्ट्रीय नेता होने का भ्रम भी पाल लिया था, जिस कारण राष्ट्रीय स्तर पर दर्जनों ही पार्टियों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन की वह सदस्य ज़रूर बनी रही थीं, परन्तु इसमें शामिल अलग-अलग पार्टियों के सभी नेताओं से ऊंचा कद होने का भ्रम उन्होंने पाल रखा था। उनके शासन के समय प्रदेश की आर्थिकता भी बेहद कमज़ोर हो गई थी और यह पूरी तरह कर्ज में डूब चुका था। केन्द्र के साथ लगातार टकराव रहने के कारण और उद्योग को समर्थन न मिलने के कारण प्रदेश की आर्थिकता डावांडोल हो गई थी। इसके साथ ही बेरोज़गारी की दर भी बढ़ चुकी थी, परन्तु पिछला पूरा समय केन्द्र और अन्य पार्टियों के साथ टकराव बने रहने के कारण भी उनकी प्रशासनिक तौर पर पकड़ ढीली पड़ चुकी थी। ऐसी स्थिति लोगों के भीतर निराशा में बदलती गई। लगातार सरकार विरोधी भावनाओं के बढ़ने का अनुमान लगाने में वह असमर्थ रहीं और न ही वह दीवार पर लिखे को पढ़ सकीं, जिस कारण उन्हें चुनाव में निराशा का मुंह देखना पड़ा।

हार के बाद भी उन्होंने खुले मन से आत्म-मंथन करने की बजाए अपनी पार्टी के भीतर असंतोष को अनदेखा किए रखा जो अंत में उनके लिए हानिकारक सिद्ध हुई। आंतरिक यह चिंगारी उस समय लपटें बन गई, जब उन्होंने ज्यादातर पार्टी नेताओं को अनदेखा करके अभिषेक बनर्जी के कहने पर विधानसभा में विपक्ष के नेता के लिए सैमन देव का नाम स्पीकर को भेज दिया, परन्तु ज्यादातर विधायक इस पद के लिए रिताव्रता बनर्जी के पक्ष में थे, परन्तु ममता ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया।

हरियाणा सरकार
भारत सरकार



जिनके जीवन का हर पल, सेवा और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है,
जिनके लिए जनकल्याण ही जीवन साधना है, ऐसे **सेवा-व्रती नरेन्द्र मोदी जी** के नेतृत्व में
भारत की निरंतर प्रगति का साक्षी पूरा देश कह रहा है...

# 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

## » गरीब कल्याण

- **81+ करोड़** लोगों को प्रतिमाह **मुफ़्त राशन**
- **4+ करोड़ पीएम आवास, 10.5+ करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन** और **12+ करोड़ शौचालय** से जीवन हुआ आसान

## » युवा शक्ति

- लगभग **2 करोड़** युवाओं को **स्किल ट्रेनिंग**
- **₹40 लाख करोड़** के **मुद्रा लोन**
- देशभर में **2.2 लाख स्टार्टअप्स**
- **10,000+ अटल टिंकरिंग लैब्स** से नवाचार को बढ़ावा

## » किसान कल्याण

- **₹4.3 लाख करोड़** की पीएम किसान सम्मान निधि
- **4+ करोड़** किसानों को **₹2 लाख करोड़** का **फसल बीमा**
- **₹26+ लाख करोड़** की फसल खरीद **MSP** पर
- **8 करोड़** किसानों को **किसान क्रेडिट कार्ड**

## » नारी शक्ति

- **32+ करोड़** महिलाओं के **जन-धन खाते** खुले
- सेना में महिलाओं को मिला **स्थायी कमीशन**
- **3+ करोड़ लखपति दीदी**
- **10 करोड़** ग्रामीण महिलाएं **91+ लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप** के माध्यम से सशक्त

## » स्वास्थ्य

- **70+** के बुज़ुर्गों को भी **₹5 लाख** का **मुफ़्त उपचार**
- **60+ करोड़** लोगों को **आयुष्मान भारत** की सुरक्षा
- देशभर में **19,000+ जन-औषधि केंद्रों** पर **90%** तक सस्ती दवाएं

## » मिडिल क्लास

- **₹12.75 लाख** तक की वार्षिक आय **टैक्स फ्री**
- **UDAN** योजना के तहत **1.6+ करोड़** यात्रियों ने की किफ़ायती हवाई यात्रा
- **एमबीबीएस** सीटों की संख्या 151% बढ़कर करीब **1.3 लाख** हुई

## » राष्ट्र निर्माण

- **26** शहरों में फैला **1,100+ किमी** का **मेट्रो नेटवर्क**
- देशभर में दौड़ रहीं **164 वंदे भारत ट्रेनें**
- अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, चिनाब रेल ब्रिज, बोगीबील ब्रिज, पंबन समुद्री पुल जैसे **बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण**
- **एयरपोर्ट्स** की संख्या 74 से बढ़कर **164** हुई

## » राष्ट्र प्रथम

- करीब **₹38,400 करोड़** का रिकॉर्ड **डिफेंस एक्सपोर्ट**
- **नक्सलमुक्त भारत** का सपना साकार, आतंकवाद पर हो रहा **कड़ा प्रहार**
- गुलामी की मानसिकता से मुक्ति - राजपथ बना कर्तव्य पथ, **छत्रपति शिवाजी महाराज की मुद्रा** से प्रेरित **नौसेना का नया ध्वज**

## » विरासत और विकास

- अयोध्या में **भव्य राम मंदिर** का निर्माण
- काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल महालोक और केदारनाथ धाम का **कायाकल्प**



सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# समाधान शिविर में सहायक आयुक्त ने सुनी जन शिकायतें

*परिवार पहचान पत्र में आय संशोधन, अनाथ बच्चों को आर्थिक सहायता, अतिक्रमण और राजस्व रिकॉर्ड ठीक करवाने संबंधी शिकायतें पहुंचीं*

**कैथल, 8 जून ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनी) शिवानी पांचाल ने आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनके साथ कैथल एसडीएम संजय कुमार तथा सीटीएम कैप्टन प्रमेश कुमार मौजूद रहे। शिविर में परिवार पहचान पत्र में आय संशोधन, अनाथ बच्चों को आर्थिक सहायता दिलाने, अतिक्रमण हटवाने, राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरुस्त करवाने तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों की शिकायतें प्राप्त हुईं।



शिवानी पांचाल ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का एक ही स्थान पर सुनवाई कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इसलिए प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करें, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में अंबेडकर नगर निवासी सचिन ने परिवार पहचान पत्र में आय ठीक करने को लेकर आवेदन किया। इस पर क्रिड विभाग विभाग को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य शिकायत गांव सलेमपुर निवासी एक व्यक्ति ने प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र की मृत्यु के बाद दो छोटे बच्चों के पालन-पोषण में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा अनाथ बच्चों के लिए संचालित सरकारी सहायता योजना का लाभ अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। सहायक आयुक्त ने जिला बाल कल्याण अधिकारी को मामले की जांच कर पात्रता अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में डीएवी कॉलोनी के कुछ निवासियों ने एक गली पर अतिक्रमण होने से आवागमन प्रभावित होने की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पट्टी अफगान निवासी एक शिकायतकर्ता ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम गलत दर्ज होने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की। सहायक आयुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक संशोधन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। शिवानी पांचाल ने कहा कि जन शिकायतों का पारदर्शी, संवेदनशील और जवाबदेह तरीके से निपटान प्रशासन की प्राथमिकता है। जिन मामलों का समाधान मौके पर किया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसानों मजदूरों को कर्जमुक्त करने एवं टयूबवेल कनेक्षन देने की मांग

बरनाला, 8 जून (कपिल गर्ग) भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां जिला बरनाला की बैठक जिला प्रधान चमकौर सिंह नैणेवाल की अध्यक्षता में गांव फतेहगढ़ छन्ना के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित की गई। इस अवसर पर संगठन के राज्य प्रधान जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि पंजाब सरकार लंबे समय से किसानों के ज्वलंत मुद्दों की अनदेखी कर रही है और मांगों का समाधान करने की बजाय खुलेआम दमनकारी रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं पर भी अत्याचार किया जा रहा है।आगुओं ने कहा कि पंजाब का किसान भारी कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। लंबे समय से फसलों के लाभकारी मूल्य न मिलने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है, जिससे आत्महत्याओं का सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि बदलाव के नाम पर सत्ता में आई भगवंत मान सरकार ने किसानों की मांगों को नजरअंदाज करते हुए केंद्र सरकार द्वारा लाई जा रही कॉर्पोरेट समर्थक और जनविरोधी नीतियों को लागू करना शुरू कर दिया है।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बिजली



संशोधन बिल, बीज अधिनियम, मनरेगा को समाप्त करने की कोशिशों तथा किसानों और मजदूरों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार चुप्पी साधे हुए है। वहीं बढ़ती महंगाई पर भी कोई नियंत्रण नहीं किया जा रहा। खाद, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।बैठक में मांग की गई कि किसानों और मजदूरों को कर्ज से मुक्त किया जाए। पानी पर विश्व बैंक के माध्यम से कॉर्पोरेट कब्जा स्थापित करने की नीतियों को बंद किया जाए। जिन किसानों को अभी तक कृषि बिजली कनेक्शन नहीं मिले हैं, उन्हें तुरंत ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए जाएं। इसके अलावा, जिन किसानों के डिमांड नोट की अवधि समाप्त हो चुकी है, उनकी अवधि बढ़ाकर उन्हें शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं।इस अवसर पर जिला प्रधान चमकौर सिंह नैणेवाल, जनरल सचिव जरनैल सिंह बदरा, गुरचरण भदौड़, दर्शन चीमा, हरी भगतपुरा, जगतार ढिलवां, कुलजीत वजीदके मान, गुरम राम संगेड़ा, नाजर ठुलीवाल, मलकीत हेड़ीके, बूटा गंडेवाल, कमलजीत कौर बरनाला, लखबीर धनौला, अमरजीत कौर बड़बर, नवदीप पंजगराइयां, सुखदेव ठुलीवाल, सरबजीत कौर, मनजीत कौर कानेके, कुलवंत कौर भोतना, राजविंदर कौर कालेके तथा गुरजीत कौर भट्ठल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समय रहते अपने स्वास्थ्य की जांच करवाना जीवन के लिए अति आवश्यक : हरदीप राणा

**करनाल, 8 जून ( संदीप रोहिला ) :** मानवता जन शक्ति फाउंडेशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करनाल के संयुक्त तत्वावधान में रोड चौपाल दलियानपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व मीनाक्षी यादव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक प्राधिकरण करनाल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे है। शिविर में उपचार करवाने आएं लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्त्री रोग, दंत रोग, मधुमेह (शुगर), उच्च रक्तचाप एवं अन्य विभिन्न बीमारियों की जांच की। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गईं। कार्यक्रम में विभिन्न अस्पतालों एवं चिकित्सा संस्थानों का सहयोग रहा, जिनमें

*निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने करवाई अपने स्वास्थ्य की जांच*




उजाला सिग्नस अस्पताल, अमृतधारा अस्पताल तथा अरोड़ा आई सेंटर सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाएं शामिल रहीं। इस दौरान मानवा जनशक्ति फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा ने दलियानपुर के सरपंच नरेन्द्र चौहान को सम्मानित किया गया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए हरदीप राणा ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर हरदीप राणा, गुलाब पोसवाल, रमेश शर्मा, उर्मिला टाया, सुशील राणा, अतुल शर्मा, जयभगवान, राजविंदर कोर, डॉ.कोमल, साक्षी, अभिषेक, हर्षदीप सिंह, विशाल मौजूद रहे।

# एंडोमेंट फंड में बढ़ोतरी से कॉलेजों के अस्तित्व को खतरा, हर मोर्चे पर लड़ेंगे लड़ाई : प्रधान छीना

बरनाला, 8 जून (बघेल सिंह धालीवाल)गैर-सरकारी कॉलेज प्रबंधक फेडरेशन ऑफ पंजाब एंड चंडीगढ़ की कार्यकारिणी की एक आपात बैठक स्थानीय एस.डी. कॉलेज में फेडरेशन के प्रधान राजिंदर मोहन सिंह छीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला से संबद्ध सहायता प्राप्त (एडेड) और गैर-सहायता प्राप्त (अन-एडेड) कॉलेजों की प्रबंधकीय समितियों के प्रधानों, सचिवों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंजाबी यूनिवर्सिटी द्वारा संबद्ध कॉलेजों के लिए एंडोमेंट फंड को दोगुना करने के फैसले का कड़ा विरोध किया जाएगा। सभी कॉलेजों से अपील की गई कि वे यूनिवर्सिटी के इस तानाशाही फैसले को स्वीकार न करें, क्योंकि इससे कॉलेजों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा।बैठक की मेजबानी कर रहे एस.डी. कॉलेज के जनरल सचिव एडवोकेट जतिंदर नाथ शर्मा ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आर्थिक तंगी से जूझ रही शैक्षणिक संस्थाओं को बचाना है।फेडरेशन के प्रधान राजिंदर मोहन सिंह छीना ने बताया कि यूनिवर्सिटी ने लड़कियों के आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स कॉलेजों का एंडोमेंट फंड 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया है। वहीं लॉ, प्रोफेशनल, शारीरिक शिक्षा और अन्य बहुविषयक कॉलेजों के लिए यह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये कर दी गई है।पंजाबी यूनिवर्सिटी अन-एडेड कॉलेजेज एसोसिएशन के प्रधान एस.एस. चट्ठा ने भी यूनिवर्सिटी से संबद्ध कॉलेजों के अधिकारों की इस लड़ाई में अपनी संस्था की ओर से पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।फेडरेशन के महासचिव एस.एम. शर्मा ने बताया कि बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इनमें लंबित डी.पी.आई. ग्रांटों को जारी करना, सभी नियमित अध्यापकों के लिए 95 प्रतिशत ग्रांट-इन-एड योजना को पूरीतरह लागू करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अध्यापन और गैर-अध्यापन पदों की समीक्षा करना तथा ग्रांट-इन-एड के हिस्से के रूप में ग्रेच्युटी और अर्जित अवकाश के नकद भुगतान को सुनिश्चित करना शामिल है।बैठक में रविंद्र नाथ जोशी, डॉ. महल सिंह (वीसी, खालसा यूनिवर्सिटी), डॉ. एस.पी. सिंह (पूर्व वीसी, जी.एन.डी.यू.), डॉ. खुशविंदर कुमार, राहुल कुमार अत्तरी, डॉ. सरबजीत सिंह कुलार, डॉ. पुष्पिंदर कौर, डॉ. हरकीरत सिंह, इंजीनियर विनोद जिंदल आदि शामिल हुए।

# महापौर रेणु बाला गुप्ता ने की जन सुनवाई, समस्याएं सुन मौके पर किया समाधान

*अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित समाधान के दिए निर्देश, नागरिकों को न हो परेशानी, स्वच्छता बनाए रखने को लेकर नागरिकों से सहयोग की अपील*

**करनाल, 8 जून ( संदीप रोहिला ) :** नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के मकसद को लेकर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई का आयोजन किया, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखी। मेयर ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुन संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान महापौर के समक्ष मरम्मत कार्य, स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त करना, सीवरेज निकासी



तथा जलापूर्ति से संबंधित शिकायतें आई। महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में जाकर समस्याओं का निरीक्षण करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी समस्या का समाधान लंबित न रहे। महापौर ने शहर की स्वच्छता को लेकर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण करें और उसे नगर निगम के कूड़ा वाहन में अलग-अलग ही डालें। इसके साथ-साथ नगारिक सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग से बचें, ताकि हम पृथ्वी के साथ-साथ पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है। यदि कहीं गंदगी दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नगर निगम को दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

# अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हिसार, 8 जून ( ब्यूरो ) :** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर बिना विलंब किए समाधान करने की निर्देश दिए ताकि जिला वासियों को समय पर सुविधाओं एवं योजना का लाभ मिल सके। समाधान शिविर में गांव डोभी सरपंच ने कुछ पंचों द्वारा जान-बुझ कर गांव के विकास कार्यो के बिलों की अदायगी में बाधा उत्पन्न करने से ग्राम पंचायत के विकास कार्यो में देरी होने की शिकायत पर हो अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार गांव सुलखनी के एक प्रार्थी ने पंचायत भूमि पर अवैध कब्जा, पंचायत की संपत्तियों के दुरुपयोग एवं पंचायत कार्यों में संभावित अनियमितताओं की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान करने को कहा। गांव मुकलान के निवासी अमित कुमार ने गांव की मुख्य फिरणी पर गंदे पानी के भराव के कारण स्कूली छात्रों एवं ग्राम वासियों की अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है इसकी निकासी के लिए पक्का नाला बनवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल ने जिला पंचायत एवं विकास एवं अधिकारी को मौका मुआयना कर आगामी कार्यवाही करने की हिदायत दी। गांव खैरी निवासी नरेश कुमार ने अपने खेत से गुजर रहे पक्के नहरी खाल की पैमाइश करवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त संबंधित विभाग को निर्देश दिए।

इसी प्रकार आजाद नगर निवासी धूप सिंह द्वारा बंद पड़े खाल को पुनः चालू करवाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. N. | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | PnU-UMB-SRE-WRL-71-26-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, कुल क्षेत्रफल 20x11 वर्ग फुट (साइट–प्लान के अनुसार) | 17.06.2026 12:00:00 hrs. |
| 2 | PnU-UMB-RPJ-WRL-70-26-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, जिसका आकार 3 मीटर x 4 मीटर अर्थात कुल क्षेत्रफल 12 वर्ग मीटर है (साइट–प्लान के अनुसार) | 17.06.2026 12:00:00 hrs. |
| 3 | PnU-UMB-UMB-WRL-74-26-1 | अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, कुल क्षेत्रफल 14.438 वर्ग मीटर (साइट–प्लान के अनुसार) | 17.06.2026 12:00:00 hrs. |
| 4 | PnU-UMB-SIR-WRL-72-26-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी सुविधा सहित क्लॉक रूम प्रबंधन सह स्टेशनरी दुकान, जिसका आकार 3 मीटर x 5.37 मीटर अर्थात कुल क्षेत्रफल 16.11 वर्ग मीटर है (साइट–प्लान के अनुसार) | 17.06.2026 12:00:00 hrs. |
| 5 | PMBJK-UMB-KLK-PMBJK-3-26-1 | कालका रेलवे स्टेशन पर 24.75 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (PMBJK) का प्रावधान | 18.06.2026 15:00:00 hrs. |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1958/26

# डीसी ने रीबन काटकर 8 से 12 जून तक चलने वाले राज्य स्तरीय 5 दिवसीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

*बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए पहले से ही पूर्ण रूप से तैयारियां जरूरी : डीसी प्रीति*

**यमुनानगर, 8 जून ( दिनेश कुमार ) :** एक अच्छा तैराक किसी के जीवन को बचा सकता है। जब भी बाढ़ जैसी आपदा आती है तो प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति ही बाढ़ में फंसे लोगों की बेहतर ढंग से सहायता कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण लेने से जहां व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है वहीं उसमें निपुणता आती है। उपायुक्त प्रीति सोमवार को हथिनी कुंड बैराज के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर की लिंक चैनल पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। डीसी ने प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि हर तैराक को चाहिए कि वह पानी में उतरने से पहले अपनी ऊर्जा पानी से ज्यादा बना कर रखे ताकि पानी पर विजय प्राप्त की जा सके, इसके लिए हर तैराक को मानसिक रूप से तैयार रहना है। उन्होंने कहा कि 5 दिन तक चलने वाले इस बाढ़ राहत प्रशिक्षण में पूरे राज्य से 46 ट्रेनर व 14 मुख्य ट्रेनर भाग ले रहें है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा व समाज की रक्षा के लिए ऐसे प्रशिक्षणों को जरूर सीखना चाहिए और जब प्राकृतिक एवं अप्राकृतिक आपदा आती है तो ऐसे में आपदा से सही समय पर सही ढंग से निपटने के लिए बेहतर नेतृत्व की आवश्यकता होती है क्योंकि आपदा के आने पर बेहतर नेतृत्व लोगों को मिल जाए तो आपदाओं से निपटने में लोगों को तत्काल सहायता मिलती है। कुरूक्षेत्र, रोहतक के बाद अब यमुनानगर में राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने भी



कार्यक्रम में अपने विचार रखे। उन्होंने प्रशिणार्थियों का आह्वान किया कि उन्हें इस बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर में आकर बहुत कुछ सीखने व अनुभव प्राप्त होगा, खासकर बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण की बहुत आवश्यकता होती है। इस प्रशिक्षण में एनडीआरएफ के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को आग व भूकम्प आदि जैसी आपदा से निपटने के लिए भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों व प्रशिक्षकों के ठहरने व खान पान की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने मोमेंटो देकर डीसी प्रीति का स्वागत किया। मुख्य प्रशिक्षक मुकेश ने बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को चलते पानी में मोटर बोट चलाना, चप्पू से नाव चलाना, तैराकी व प्राथमिक उपचार आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया की प्रशिक्षणार्थी यहां प्रशिक्षण लेकर अपने अपने गांवो में जाकर लोगों को आपदा से निपटने के उपाय जैसे तैराकी, पानी की खाली बोतलों से लाइफ जैकेट बनाना, चारपाई की नाव बनाना, अपनी सुरक्षा करते हुए लोगों की जान बचाना सिखातें हैं। इस अवसर पर एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह, डीआरओ तरुण सहोता, यूएसएफसीआर चण्डीगढ़ हरिकृष्ण, जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. मनोज कुमार, एफआरए संदीप सैनी, सुपरीडैंट ताराचंद, आशु भारद्वाज, सभी जिलों से प्रशिक्षणार्थियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा

खुली निविदा संख्या 12–अम्बाला / 2026–27 दिनांक 08.06.2026

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएमबी–एसआरई खंड पर दुखेरी, केसरी, तांडवाल, बरारा यार्ड के पहुंच मार्गों पर अतिक्रमण की आशंका वाले सवेदनशील स्थानों पर सीमा दीवार का निर्माण। | 4,65,03,369 | 9,30,100 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 2 | सीनियर डीईएन-IV/यूएमबी– (बीएआरजे, केएआरटी एएनएसबी, सीएचटीएल, यूएचएल, एएडीआर, एनएलडीएम, एनएमडीए, एमआरएनडी, आरपीएआर, एमएनपीआर, एनजीडब्ल्यूएन, बीएसपीएन, केआरएलआई, एसआईआर, डीएलपीसी, केएमएनएन, एसएमआरएल, सीएचएमजी, एलएलकेएन) के तहत 20 यार्ड में यार्ड सुधार कार्य। | 2,17,40,152 | 4,34,800 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 3 | ADEN/UMB के अंतर्गत अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर TWS/CMSC/TSR कार्य सहित थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (TTR) कार्य। | 1,83,44,022 | 3,66,900 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 4 | ADEN/UMB के अंतर्गत अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर थ्रू रेल नवीनीकरण (TRR) कार्य। | 1,39,08,142 | 2,78,200 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 5 | ADEN/UMB के अंतर्गत दुखेरी, केसरी और बरारा स्टेशन पर TWS/CMSC/TSR सहित थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (TTR), संपूर्ण ट्रैक रिन्यूअल और थ्रू रेल रिन्यूअल (TRR) कार्य। | 1,37,19,846 | 2,74,400 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 6 | ADEN/CDG के अंतर्गत एसएएसएन, केएआरआर, डीकेटी, एलएलयू, डीएचपीआर, जीएचजी और सीडीजी स्टेशनों पर TWS/CMSC/TSR सहित थ्रू टर्नआउट रिन्यूअल (TTR), संपूर्ण ट्रैक रिन्यूअल, थ्रू फिटिंग रिन्यूअल और थ्रू रेल रिन्यूअल (TRR) कार्य। | 1,93,61,599 | 3,87,200 | 12 महीने | 30.06.2026 |
| 7 | एडीईएन/आरपीजे के तहत एसएसई/पी.वे/आरपीजे (यूबीसी, एसएमयू, आरपीजे, एसबीजे, केएलआई) और एसएसई/पी–वे/डीओए (एसडीवाई, एसआईआर, जीवीजी, केएनएन, सीएचए, और डीओए) अनुभाग में यार्ड सुधार कार्य। | 1,16,20,343 | 2,32,400 | 10 महीने | 30.06.2026 |
| 8 | एडीईएन/बीटीआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/ई/बीटीआई अनुभाग में जोन 1 और 1ए के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और रंगाई, 30/6/2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए। | 1,19,99,996 | 2,40,000 | 11 महीने | 30.06.2026 |
| 9 | एडीईएन/बीटीआई के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एल/बीटीआई खंड के जोन 2 में बीटीआई (शामिल) से लेकर डीयूआई (छोडकर) तक के कर्मचारियों के क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और रंगाई, 30/6/2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए। | 74,99,937 | 1,50,000 | 11 महीने | 30.06.2026 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग / गेटवे पेमेंट / बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–।।।) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1960/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विकास कार्यों में लाएं तेजी, नियमित रूप से करें मॉनिटरिंग : डीसी अपराजिता

### *डीसी अपराजिता ने नगर निकाय विभाग के अधिकारियों की बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की*

**कैथल, 8 जून ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता ने सोमवार को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विकास परियोजनाओं, मुख्यमंत्री घोषणाओं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। चीका में निर्माणाधीन स्टेडियम परियोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कार्य लगभग 93 प्रतिशत पूरा हो चुका है। एजेंसी द्वारा देरी किए जाने पर पेनल्टी लगाई गई है तथा आगामी दो माह के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार पूंडरी में हाईमास्ट लाइट परियोजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य एक माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरा परियोजना प्रशासनिक स्वीकृति के लिए मुख्यालय में लंबित है। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को निर्धारित टाइम लाइन में पूरा



करवाया जाए और इसकी गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन एवं ठोस कचरा प्रबंधन की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कचरे को अलग अलग करने को लेकर विभिन्न वार्डों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। डीसी ने प्रत्येक निकाय में जनजागरूकता गतिविधियों को और तेज करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी वाहनों की शत प्रतिशत जीपीएस तथा सफाई कर्मचारियों की हाजिरी सुनिश्चित करने को कहा। इसी प्रकार आवारा कुत्तों की नसबंदी एवं पकड़ने के लिए नए टेंडर की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2 , पीएम स्वनिधि योजना, प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ वेरिफिकेशन, पार्कों के रखरखाव, सौंदर्यीकरण तथा विभिन्न निकायों में चल रहे विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने आगे कहा कि सीएम विंडो, जन संवाद सहित अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास कार्य की नियमित प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए और बैठकों में अपडेट आंकड़ों के साथ उपस्थित हों। सभी योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करते हुए आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीएमसी कपिल शर्मा, ईओ संदीप सोलंकी, एआईपीआरओ अमित कौशिक, नगर परिषद सचिव पवन शर्मा सहित अन्य नगर पालिकाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों पर मंथन

### *महापौर रेणु बाला गुप्ता ने किया महिला आयोग अध्यक्ष रेणु भाटिया का आत्मीय स्वागत, पुष्पगुच्छ भेंट करके अभिनंदन, समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श*

**करनाल, 8 जून ( संदीप रोहिला ) :** महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने रविवार को अपने निवास स्थान पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में महिला सशक्तिकरण, समाज कल्याण, महिला सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। बैठक के दौरान महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज में उनकी सहभागिता को और अधिक मजबूत करने के विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया का मार्गदर्शन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, उनके सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अनुभवी एवं समर्पित व्यक्तित्व का सान्निध्य सदैव नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण की भावना



को और मजबूत करता है। महापौर ने रेणु भाटिया के स्नेहपूर्ण आगमन के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजहित एवं महिला कल्याण के क्षेत्र में उनके अनुभवों और सुझावों से निश्चित रूप से सकारात्मक दिशा प्राप्त होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए सभी को मिलकर निरंतर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सशक्त, संवेदनशील और समृद्ध समाज की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को महिलाओं के अधिकारों और उनके उत्थान के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील होना चाहिए। आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, खेल, उद्योग और सामाजिक नेतृत्व सहित प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। ऐसे में उन्हें प्रोत्साहन और समान अवसर प्रदान करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने महापौर रेणु बाला गुप्ता द्वारा करनाल के विकास, महिला उत्थान और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की गति और अधिक तेज होती है।

**सामूहिक प्रयासों पर बल :** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने पुन: रेणु भाटिया का धन्यवाद करते हुए कहा हा कि उनका सान्निध्य सदैव प्रेरणादायी एवं उत्साहवर्धक रहता है तथा समाजहित में उनके मार्गदर्शन से जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा और ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्यजनों ने भी महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# बीएलओ घर घर जाकर ड्राफ्ट रोल में शामिल हर मतदाता को भरने के लिए देंगे एनूमरेशन फार्म : अमन कुमार

### *पिहोवा विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम अमन कुमार ने पत्रकारों से की बातचीत*

**पिहोवा, 8 जून ( विवेक ) :** पिहोवा विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान यानी एसआईआर के दौरान ड्राफ्ट मतदाता सूची में दर्ज प्रत्येक मतदाता को एन्यूमरेशन फार्म भरना जरूरी है। संबंधित बीएलओ घर घर जाकर यह फार्म उपलब्ध करवाएंगे, जिसे संबंधित मतदाता को भरकर बीएलओ को ही वापिस देना होगा। एसडीएम अमन कुमार सोमवार को उपमंडल कार्यालय पिहोवा में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिहोवा विधानसभा के 1,89,104 वोटरों का 15 जून से 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में नागरिक ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से हिस्सा ले सकते हैं। इस पुनरीक्षण के लिए बीएलओ जिले के प्रत्येक घर पर जाकर फार्म भरवाएगी। बीएलओ को नागरिक स्वयं फार्म जमा करवाते हैं, राजनैतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। एसडीएम ने नागरिकों से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। ये कार्य वर्ष 2002 के बाद अब शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 जून तक 18 वर्ष की आयु



पूरी करने वाले युवा 1 जुलाई 2026 से अपना नया वोट बनवा सकते हैं। सभी बीएलओ को विभाग की तरफ से 5 जून से 14 जून तक ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद 15 जून से 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। ट्रेनिंग के दौरान बताया जाएगा कि किस वोटर से कौन सा फार्म भरवाया जाना है और कैसे भरवाया जाएगा। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि जिनका वोट 2002 में बना हुआ है, उन्हें 2002 वाला डाटा भरना होगा। जिन वोटरों का वोट 2002 के बाद बना है उन्हें अपने परिजनों (माता-पिता, दादा-दादी) का डाटा भरना है। जो वोटर गांव-शहर से बाहर रहते हैं, उनके परिवारजन उनका फार्म भरकर बीएलओ को जमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई को ड्राफ्ट रोल तैयार होगा, 20 अगस्त तक दावे आपत्ति दे सकते हैं। किसी भी प्रकार के दावे आपत्ति को सबसे पहले आरओ / एसडीएम को दर्ज करवा सकते हैं, संतुष्टि न होने पर डीआरओ/उपायुक्त को, इसके बाद ईओ को आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इन दावे आपत्तियों को 21 जुलाई से 18 सितंबर तक सुनवाई के बाद निर्णय दिया जाएगा। सुनवाई के बाद 22 सितंबर को अंतिम निर्वाचनवली का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 की वोटर सूची सीईओ हरियाणा और ईसीआई की वैबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं। नागरिक किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर भी कॉल कर सकते हैं। एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि 14 जून तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे। इसी दौरान मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी, ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से सोमनाथ दर्शन के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**यमुनानगर, 8 जून ( दिनेश कुमार ) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से सोमनाथ दर्शन के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए अपने संबोधन में कहा कि कुरुक्षेत्र से भगवान शिव के प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन को रवाना करना मेरा परम सौभाग्य है। उन्होंने प्रदेश से इस यात्रा पर जाने वाले 1100 श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि भगवान सोमनाथ के समक्ष पूरे हरियाणा तथा पूरे भारत की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास भारत की धैर्य गाथा का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि 11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कर इसका उद्घाटन किया था। आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर देश भर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है जो जनवरी 2027 तक चलेगा। प्रदेश सरकार ने कोई भी श्रद्धालु आर्थिक अभाव के कारण तीर्थ यात्रा से वंचित न रहे इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई है। उपायुक्त प्रीति ने भगवान शिव के प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए बताया कि यह योजना 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाती है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये तक है। अब तक प्रदेश के हजारों बुजुर्ग इस योजना का लाभ उठाकर विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी इस योजना



के तहत श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या धाम के लिए अंबाला से विशेष तीर्थ ट्रेन और श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए दो ट्रेन कुरुक्षेत्र और सिरसा से रवाना की गई थी। डीसी ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत अत्यंत समृद्ध है, जहां हजारों वर्षों से आस्था के केंद्र मौजूद हैं। हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह जीवन में कम से कम एक बार इन पवित्र स्थलों के दर्शन करे और सरकार की यह योजना उसी भावना को साकार कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होता है। जिसके बाद सरकार द्वारा प्लान तैयार किया जाता है कि किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करवानी है। उन्होंने बताया कि विशेष ट्रेन में सवार होते समय यमुनानगर के 32 श्रद्धालुओं के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। श्रद्धालुओं ने सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग से उन्हें भगवान शिव के प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है, जो उनके लिए एक यादगार अनुभव रहेगा।

# समाधान शिविर नरवाना में पहुंची पांच जनसमस्याएं, अधिकारियों को त्वरित निपटान के दिए निर्देश

**नरवाना, 8 जून ( नरेन्द्र कुमार ) :** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम जगदीश चंद्र ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की।एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि प्रदेश सरकार की पहल पर जिला एवं उपमंडल स्तर पर



नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित पांच शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है ।एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित मामलों की अद्यतन जानकारी लेकर समाधान शिविर में उपस्थित हों तथा शिकायतों के निस्तारण के बाद नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर डीएसपी कमलदीप राणा, तहसीलदार विजय कुमार, बीडीपीओ तरुण सुथार, सिंचाई विभाग के जेई विक्रम सिंह, नगर परिषद से संदीप कुमार, वन विभाग से अश्विनी कुमार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से रीटा रानी, सीडीपीओ विभाग से रितु व जयकौर, लोक निर्माण विभाग से रामनिवास, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से अमृत पाल सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी, बीईओ तेजवीर, मार्केट कमेटी से भगवान दास सहित विभिन्न विभागों केअधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

**करनाल, 8 जून ( कादियान ) :** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता ने बताया कि 9 जून को प्रात: 11 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल, विद्युत सदन, सर्कल कार्यालय, सेक्टर-12 करनाल में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिजली संबंधी समस्याओं का स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है, वे फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। इसके अलावा बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

## योग जागरण रैली के द्वारा योग के प्रति लोगों को किया जागरूक

**मूनक, 8 जून ( जय भगवान ) :** हरियाणा योग आयोग एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल जास्ट के आदेशानुसार गांव कतलेहडी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अंतर्गत योग सहायक गीता दहिया द्वारा योग जागरण यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## हंगोली-हंगोला में सात दिवसीय समर कैंप संपन्न, बच्चों व महिलाओं ने सीखे स्वास्थ्य के गुर

**रायपुररानी, 8 जून ( देवेन्द्र सिंह ) :** समकक्ष फाउंडेशन द्वारा हंगोली और हंगोला गांव में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन हो गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य, योग, संतुलित आहार और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। जानकारी के अनुसार सात दिनों तक चले समर कैंप में प्रतिभागियों के लिए विविध प्रकार की रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें योग सत्र, डांस, हेल्दी बेकिंग, हेल्दी कुकिंग, हेल्दी ड्रिंकिंग, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता प्रमुख रहीं।


## ਦਫਤਰ ਸਿਵਲ ਜੱਜ ਸੀਨੀਅਰ ਡਵੀਜ਼ਨ, ਪਟਿਆਲਾ

### ਨਿਲਾਮੀ ਨੋਟਿਸ

ਆਮ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੂਡੀਸ਼ੀਅਲ ਕੋਰਟ ਕੰਪਲੈਕਸ , ਰਾਜਪੁਰਾ ਵਿਖੇ ਸਾਇਕਲ ਸਟੈਂਡ (ਪਾਰਕਿੰਗ) ਦਾ ਠੇਕਾ ਸਾਲ 2026-27 (ਮਿਤੀ 06.07.2026 ਤੋਂ 31.03.2027 ਤੱਕ) ਲਈ ਨਿਲਾਮੀ ਕਰਨ ਲਈ ਖੁੱਲ੍ਹੀ ਬੋਲੀ ਮਿਤੀ 04.07.2026 ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਨੁਸਾਰ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਬੋਲੀ ਮਨਜ਼ੂਰ ਹੋਣ ਵਾਲੇ ਵਿਅਕਤੀ ਨੂੰ ਕੁੱਲ ਬੋਲੀ ਦਾ 1/4 ਹਿਸਾ ਮੌਕੇ 'ਤੇ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਵਾਉਣਾ ਹੋਵੇਗਾ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਰਹਿੰਦੀ ਰਕਮ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਤੋਂ ਇਕ ਮਹੀਨੇ ਦੇ ਅੰਦਰ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਵਾਉਣੀ ਹੋਵੇਗੀ। ਬੋਲੀ ਦੀ ਫਾਇਨਲ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮਾਨਯੋਗ ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਅਤੇ ਸ਼ੈਸਨ ਜੱਜ, ਪਟਿਆਲਾ ਵੱਲੋਂ ਤਿੰਨ ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ। ਬੋਲੀ ਦੀਆਂ ਸ਼ਰਤਾਂ ਮੌਕੇ 'ਤੇ ਦੱਸੀਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ ਜਾਂ ਨਿਮਨ ਲਿਖਤ ਹਸਤਾਖਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਅਤੇ ਪਟਿਆਲਾ ਕੋਰਟ ਦੀ ਵੈਬਸਾਈਟ 'ਤੇ ਵੇਖੀਆਂ ਜਾ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ। ਬੋਲੀ ਦੇਣ ਵਾਲੇ ਵਿਅਕਤੀ ਨੂੰ ਰੁ: 15,000/- ਬਤੌਰ ਸਕਿਊਰਟੀ (ਮੋੜਨਯੋਗ) ਮੌਕੇ 'ਤੇ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਾਉਣੇ ਪੈਣਗੇ। ਕਿਸੇ ਵੀ ਸਾਬਕਾ ਠੇਕੇਦਾਰ ਜਿਸ ਵੱਲ ਸਰਕਾਰੀ ਬਕਾਇਆ ਹੋਵੇਗਾ, ਉਸਨੂੰ ਬੋਲੀ ਦੇਣ ਦਾ ਹੱਕ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ। ਉਕਤ ਦਿੱਤੇ ਹੋਏ ਸਮੇਂ 'ਤੇ ਜੇ ਕਿਸ਼ਤ ਜਮ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਕਰਵਾਏਗਾ, ਉਸਦਾ ਠੇਕਾ ਰੱਦ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਠੇਕੇ ਦਾ ਵੇਰਵਾ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਅਨੁਸਾਰ ਹੈ:-

| ਲ. ਨੰ. | ਮਿਤੀ | ਸਮਾਂ | ਬੋਲੀ ਦਾ ਸਥਾਨ | ਜਿਸ ਦਾ ਠੇਕਾ ਮੰਗਿਆ ਹੈ। | ਰਿਜ਼ਰਵ ਕੀਮਤ | ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਕਥਨ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 04.07.2026 | 2.15 | ਜ਼ਿਲ੍ਹਾ ਕਾਨੂੰਨੀ ਅਥਾਰਟੀ ਦੇ ਕਾਨਫਰੰਸ ਹਾਲ | ਸਾਇਕਲ ਸਟੈਂਡ , ਕੋਰਟ ਕੰਪਲੈਕਸ, ਰਾਜਪੁਰਾ। | ਰੁ: 1,20,000/- | ਠੇਕੇ ਦੀ ਮਿਆਦ 06.07.2026 ਤੋਂ 31.03. 2027 ਤੱਕ |

ਵਧੇਰੇ ਜਾਣਕਾਰੀ ਲਈ ਨਿਮਨ ਹਸਤਾਖਰੀ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਸੰਪਰਕ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹੋ ਜਾਂ ecourts, Patiala ਦੀ ਵੈਬਸਾਈਟ ਤੇ ਦੇਖ ਸਕਦੇ ਹੋ।

ਸਹੀ/-
ਸਿਵਲ ਜੱਜ, ਸੀਨੀਅਰ ਡਵੀਜ਼ਨ, ਪਟਿਆਲਾ



## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| Lot No. | Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 |
| Auction Catalogue No. | UMB-Mix-20-2026 |
| Details | (जनरल माइनर यूनिट-खानपान) (जीएमयू) आकार-10'x6') सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफॉर्म संख्या-1, रामपुराफूल (PUL) रेलवे स्टेशन पर। |
| Auction start Date & Time | 15.06.2026 at 12:00 hrs. |
| Auction close Date & Time | 15.06.2026 at 12:30 hrs. |

**नोट:** ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **1966/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, चंडीगढ़ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का प्रकार | ई-निविदा (दो पैकेट प्रणाली) |
| 2. | निविदा संख्या | 2-डब्ल्यू.सी./292/सीडीजी-I दिनांक 06.06.2026 |
| 3. | कार्य का नाम | अम्बाला-लुधियाना सेक्शन पर एल.सी. संख्या 151-SPL के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज (ROB) एवं सीमित ऊंचाई वाले सबवे (LHS) के फाउंडेशन, सबस्ट्रक्चर तथा सुपरस्ट्रक्चर का निर्माण कार्य (विविध एवं संबंधित कार्यों सहित)। |
| 4. | कार्य पूरा करने का समय | 18 (अठारह) महीने |
| 5. | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 18,97,37,700/- रुपये (अठारह करोड़ सत्तानवे लाख सैंतीस हजार सात सौ केवल) |
| 6. | धरोहर राशि | ₹ 37,94,800/- रुपये (सैंतीस लाख चौरानवे हजार आठ सौ केवल) |
| 7. | ई-निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 29.06.2026 को 15:00 बजे तक रेलवे वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं जो 29.06.2026 को 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| 8. | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 08.06.2026 से 29.06.2026 तक उपलब्ध होगा। |

संख्या: 2-डब्ल्यू.सी./292/सीडीजी-I दिनांक: 06.06.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1950/26



## उत्तर रेलवे

### खुली ई-निविदा सूचना

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अम्बाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

| Tender No. & Tender Title | App. Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Completion Period (Months) | Cost of Tender Document (Rs.) | Date of Closing |
|---|---|---|---|---|---|
| **Tender No. NR-Proj-UMB-SCADA-T1** उत्तर रेलवे के फिरोजपुर (FZR) और अम्बाला (UMB) मंडलों में EPC-08 अनुबंध के तहत नवनिर्मित 09 संख्या कर्षण उपकेंद्रों (TSS) के डेटा टेलीमेट्री एकीकरण का कार्य। | 76.50 Lac | 1,53,000/- | 06 Month | Nil | 03.07.2026 15:30 Hrs |

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आईआरईपीएस) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदाकर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

**नोट:** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**निविदा सूचना क्रमांक : NR/Proj/UMB/Advt./17 तारीख : 05.06.2026** **1956/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आरसीबी में शामिल कई खिलाड़ियों ने जीती है आईपीएल ट्रॉफी



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लगातार दूसरे सत्र में जीत के साथ ही इसके पूर्व कप्तान और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली जश्न मना रहे हैं क्योंकि उनकी खिताब जीतने की इच्छा दूसरी बार पूरी हुई है। लगातार दो आईपीएल ट्रॉफियां जीतने के बाद भी विराट इस मामले में अपनी ही टीम के कई खिलाड़ियों से पीछे हैं। उनकी टीम में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिनके नाम विराट से कही अधिक आईपीएल ट्रॉफी हैं। टीम में शामिल एक खिलाड़ी तो पांच बार आईपीएल चैंपियन रही टीम में शामिल रहा है।

आरसीबी में सबसे ज्यादा आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सुची में स्पिन ऑलराउंडर ऋुणाल पांड्या नंबर एक पर हैं। ऋुणाल कुल मिलाकर देखा जाये तो अभी कुल पांच बार आईपीएल खिताब विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं। अपने नाम किया है। आरसीबी के साथ 2025 और 2026 में लगातार दो खिताब जीतने से पहले, ऋुणाल पांड्या मुंबई इंडियंस के साथ 2017, 2019 और 2020 में तीन बार विजेता रहे हैं। ऋुणाल के अलावा, तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार चार बार विजेता टीमों का हिस्सा रहे हैं। इसमें सनराइजर्स हैदराबाद 2016, डेक्कन चार्जर्स 2009, आरसीबी 2025, 2026, वहीं जोश हेजलवुड तीन बार विजेता टीम में शामिल रहे हैं। वहचेन्नई सुपर किंग्स 2021, आरसीबी 2025, 2026 जबकि टिम डेविड मुंबई इंडियंस 2023, आरसीबी 2025, 2026 और युवा स्पिनर सुयश शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स 2024, आरसीबी 2025, 2026 सहित तीन बार विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं जबकि वहीं, विराट के अलावा रजत पाटीदार, फिल साल्ट, जितेश शर्मा और देवदत्त पडिक्कल जैसे कई अन्य प्रमुख खिलाड़ियों के नाम दो-दो आईपीएल खिताब हैं।

आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की बात करें तो ऋुणाल ने अपने पांचवें खिताब के साथ महेंद्र सिंह धोनी, कीरोन पोलार्ड और अपने भाई हार्दिक पांड्या की बराबरी कर ली है। इन सभी दिग्गजों के नाम अब पांच-पांच आईपीएल ट्रॉफियां हैं। हालांकि, इस रिकॉर्ड लिस्ट में सबसे ऊपर रोहित शर्मा और अंबाती रायडू हैं, जिन्होंने अपने करियर में छह-छह बार आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है।

**आईपीएल 2026 में पिछले 18 साल के सभी रिकार्ड टूटे सत्र में सबसे अधिक रन बने, सबसे अधिक बाउंड्री लगीं**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19 वां सत्र रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के साथ ही समाप्त हो गया। इस सत्र में खिलाड़ियों के साथ ही टीमों ने कई नये रिकार्ड बनाये। जिससे पिछले 18 साल के रिकार्ड टूट गये। आईपीएल 2026 में कुल 27,450 रन बने हैं। ये अब तक रनों के मामले में सबसे बड़ा आंकड़ा है। हैं। यह वहीं, गेंदबाजों के लिए यह सत्र बेहद खराब रहा। गेंदबाजों ने प्रति विकेट औसतन 31.26 रन दिये, जो कि अब तक का सबसे खराब औसत प्रदर्शन है। इस सत्र में रन प्रति ओवर भी 9.88 रहा, जो किसी भी आईपीएल सत्र में सबसे अधिक है और बताता है कि बल्लेबाजों ने किस गति से रन बटोरे।

इस सत्र में जमकर चौके और छक्के लगे। सत्र में कुल 2,332 चौके और 1,426 छक्के लगे, दोनों ही संख्याएं किसी भी अन्य सत्र से कहीं अधिक हैं। बल्लेबाजों के इस आक्रामक रुख का परिणाम था कि आईपीएल 2026 में 15 शतक लगे, ये आईपीएल के इतिहास में एक सत्र में बनाए गए सबसे ज़्यादा व्यक्तिगत शतक हैं। टीमों ने भी बड़े स्कोर बनाने में कोई कमी नहीं रखी। इस सत्र में 200 या उससे अधिक के स्कोर कुल 65 बार बने, जो किसी भी पिछले सत्र से काफी ज़्यादा हैं। इतना ही नहीं, 200 या उससे अधिक के लक्ष्य को 17 बार सफलतापूर्वक हासिल किया गया ये दिखाता है कि ,कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं रहा।

वहीं व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात करें तो आईपीएल 2026 ने नया इतिहास बनाया है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एक सत्र में सबसे ज़्यादा 72 छक्के लगाये हैं। इससे पता चलता है कि वह कितने आक्रमक अंदाज में खेले। बल्लेबाजी यह पहली बार हुआ जब किसी आईपीएल सीजन में तीन बल्लेबाजों ने 700 से अधिक रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी, शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने यह इस बार 700 से अधिक रन बनाये हैं। इससे पहले अधिकतम दो बल्लेबाज ही इतने रन बना पाये थे। इस सत्र में इस प्रकार ऐसे रिकार्ड बने हैं जिन्हें आने वाले सत्र में तोड़ना किसी के लिए भी कठिन होगा।

**वैभव सूर्यवंशी की एंट्री से बदलेगा प्लेइंग इलेवन का संतुलन**-भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज और एशियन गेम्स 2026 के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। इस टीम में सबसे ज्यादा चर्चा 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को लेकर हो रही है, जिन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उनके चयन के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि उन्हें प्लेइंग इलेवन में किसकी जगह मौका मिलेगा और क्या टीम संयोजन में बदलाव देखने को मिलेगा। वैभव सूर्यवंशी का चयन उनके शानदार आईपीएल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, जहां उन्होंने 16 पारियों में 776 रन बनाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 237.30 रहा, जिसने पूरे क्रिकेट जगत को चौंका दिया। उन्होंने इस सीजन में 72 छक्के लगाकर कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए, जिसमें क्रिस गेल का 59 छक्कों का रिकॉर्ड भी शामिल है। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर उन्होंने ऑरेंज कैप भी अपने नाम की थी।

# भारत में फीफा विश्व कप मैचों के प्रसारण को लेकर संशय बरकरार

फीफा विश्व कप 2026 का इंतजार पूरे विश्व के साथ-साथ भारत में भी फुटबॉल प्रशंसक कर रहे हैं हालांकि इसके देश में प्रसारण को लेकर संशय छाया हुआ है। इसका कारण ये है कि अभी तक किसी भी भारतीय टेलीविजन या डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस मेगा इवेंट के मीडिया अधिकार नहीं खरीदे हैं, जिससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या भारतीय दर्शक इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को देख पाएंगे या नहीं।



विश्व कप संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। 11 जून, 2026 से इसकी शुरुआत होगी और यह पहली बार होगा जब 48 टीमें इसमें हिस्सा लेंगी, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम भले ही इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई हो, लेकिन देश में फुटबॉल के प्रति जुनून किसी से छिपा नहीं है। लाखों भारतीय प्रशंसक हर चार साल में होने वाले इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार करते हैं, अपनी पसंदीदा टीमों और खिलाड़ियों को खेलते देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। पिछले विश्व कपों में भी भारत में रिकॉर्ड तोड़ दर्शक संख्या दर्ज की गई थी, जो यहां के फुटबॉल प्रेम की गहराई को दर्शाता है।

लेकिन, इस बार स्थिति काफी अलग और चिंताजनक है। फीफा ने 2025 में ही विश्व कप के मीडिया अधिकारों की बिक्री प्रक्रिया शुरू कर दी थी, ताकि प्रसारणकर्ता को पर्याप्त समय मिल सके। विभिन्न देशों में अधिकार बेचे जा चुके हैं, लेकिन भारत में अभी तक कोई भी आधिकारिक प्रासरणकर्ता सामने नहीं आया है।

प्रसारण अधिकारों की बिक्री में यह गतिरोध मुख्य रूप से वित्तीय पहलुओं से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। फीफा ने शुरुआत में 2026 और 2030 दोनों विश्व कप के संयुक्त मीडिया अधिकारों की कीमत 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 830 करोड़ रुपये) आंकी थी, जो कि भारतीय बाजार के लिए एक बहुत बड़ी राशि मानी जा रही थी। इस भारी कीमत के कारण कोई भी संभावित खरीददार आगे नहीं आया। खरीदार न मिलने के बाद, फीफा ने कीमत में भारी कटौती करते हुए इसे 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 290 करोड़ रुपये) कर दिया। इतनी बड़ी कमी के बावजूद, अभी तक कोई भी भारतीय टेलीविजन चैनल या डिजिटल प्लेटफॉर्म इन अधिकारों को खरीदने के लिए तैयार नहीं हुआ है। यह स्पष्ट नहीं है कि ब्रॉडकास्टर्स अभी भी इस कीमत को बहुत अधिक मान रहे हैं या फिर उन्हें इसमें अपेक्षित व्यावसायिक लाभ नहीं दिख रहा है।

यह स्थिति भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रशंसकों के लिए एक बड़ा झटका है, जो विश्व कप के रोमांचक मुकाबलों को अपने घरों में बैठकर देखने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अगर जल्द ही कोई समाधान नहीं निकलता है, तो संभव है कि भारतीय दर्शकों को फीफा विश्व कप 2026 के मैचों से वंचित रहना पड़े, जो सबसे निराशाजनक होगा। ऐसे में मैचो के प्रसारण के लिए फीफा और भारतीय प्रसारणकर्ताओं के बीच शीघ्र ही किसी समझौते की जरुर है।

# द हंड्रेड से पाकिस्तानी खिलाड़ियों को बाहर नहीं किया जाएगा-ईसीबी

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि द हंड्रेड क्रिकेट लीग से पाकिस्तानी खिलाड़ियों को बाहर नहीं किया जाएगा। ईसीबी के अनुसार इस प्रकार की जो भी आशंकाएं लगायी गयी हैं। वे सही नहीं हैं। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लीग में आईपीएल से जुड़ी फ्रैंचाइजियां पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नहीं खरीदेंगी। द हंड्रेड की 4 फ्रेंचाइजी ऐसी हैं जिनका मालिकाना अधिकार भारतीयों के पास है औये पाक खिलाड़ियों को नहीं लेगी। वहीं अब ईसीबी और द हंड्रेड की 8 फ्रेंचाइजियों की तरफ से संयुक्त बयान जारी किया गया है कि द हंड्रेड में इस प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होगा और अगर कोई टीम ऐसा करती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस सप्ताह एक रिपोर्ट में कहा गया गया था कि आईपीएल टीमों के मालिकों से जुड़ीं 4 फ्रेंचाइजी मैनचेस्टर सुपर जॉइंट्स (आरपीएसजी ग्रुप), एमआई लंदन (रिलायंस), सदर्न ब्रेव (जीएमआर) और सनराइजर्स लीड्स (सन ग्रुप) द हंड्रेड की नीलामी के लिए पंजीकृत पाकिस्तानी खिलाड़ियों से दूरी बनाये रख सकती हैं।गौरतलब है कि साल 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद से ही विदेशी लीग में आईपीएल से जुड़ी फ्रेंचाइजियों में पाकिस्तानी क्रिकेटर बहुत ही कम नजर आये हैं। हालांकि भारतीयों के द हंड्रेड की फ्रेंचाइजियों को खरीदने से पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी इस लीग में बहुत कम रुचि दिखा रहे थे। पिछले साल के टूर्नामेंट में सिर्फ 2 पाक खिलाड़ी खेलत दिखे थे। इतना ही नहीं, द हंड्रेड के अब तक हुए सभी 5 सीजन में कुल मिलाकर 9 पाकिस्तानी खिलाड़ी ही दिखे हैं। फ्रेंचाइजी के नए मालिक इस सीजन से कामकाज संभालेंगे।ईसीबी और द हंड्रेड की फ्रेंचाइजियों की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया है, लीग को नए दर्शकों तक पहुंचने, क्रिकेट के खेल के विकास और हर किसी को हमारे खेल से जोड़ने के लिए बनाया गया है। इस लीग में खिलाड़ियों को राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए।बयान में आगे कहा गया है, 'टूर्नामेंट को चलाने के लिए जिम्मेदार आयोजक के तौर पर ईसीबी यह पक्का करने के लिए प्रतिब्ध है कि इसमें कहीं कोई भेदभाव न हो और ऐसे किसी व्यवहार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के नियम मौजूद हैं।'




# शुभमन को एकदिवसीय विश्वकप पर फोकस करने को कहा

भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान की दौड़ में शुभमन गिल को प्रमुख दावेदार माना जा रहा था पर उनकी जगह पर श्रेयस अय्यर को कप्तानी मिल गयी। इस पर कई प्रशंसकों का हैरान भी हुई क्योंकि शुभमन ने हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल में 700 से अधिक रन बनाये थे। वहीं अब उन्हें टी20 टीम की कप्तानी नहीं दिये जाने का कारण सामने आया है। चयन समिति ने शुभमन कहा दिया था कि अभी वह 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक टेस्ट और एकदिवसीय मुकाबलों तक ही सीमित रहें। जिससे वह बड़े आईसीसी टूर्नामेंटों के लिए तरोताजा बने रहें। चयनकर्ताओं को लगता था कि अगर शुभमन तीनो प्रारुपों की कप्तानी करेंगे तो उन्हें थकान होने की आशंका है क्योंकि भारतीय टीम का अगले 18 महीने का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है।

गौरतलब है कि गिल को 2027 विश्व कप शुरू होने से पहले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नौ टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी करनी है और करीब 35 एकदिवसीय भी खेलने हैं। इसके अतिरिक्त, वह आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के कप्तान भी हैं। ऐसे में उन्हें टेस्ट और एकदिवसीय विश्व कप के लिए पूरी तरह से फिट और केंद्रित रखना जरुरी है। इसी कारण चयनकर्ता उन्हें सभी प्रारूपों में एक साथ खेलने के बोझ से बचाना चाहते हैं जिससे उनकी फॉर्म और फिटनेस प्रभावित न हो और वह बड़े मुकाबलों में प्रभावी भूमिका निभा सकें।



इसके अलावा, वर्तमान टी20 टीम में शीर्ष क्रम में संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और पदार्पण करने जा रहे वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ी पहले से ही मौजूद हैं। ऐसे में किसी और बल्लेबाज को शीर्ष क्रम बल्लेबाज को शीर्ष क्रम में शामिल करना टीम संतुलन को बिगाड़ देगा। शुभमन की कमजोर आईपीएल फॉर्म को देखते हुए, उन्हें टी20 टीम से बाहर रखने का मुख्य कारण भविष्य को देखते हुए बनायी गयी रणनीतिक प्राथमिकता ही है, न कि प्रदर्शन। इसी कारण शुभमन को टी20 प्रारुप में शामिल नहीं किया गया है पर माना जा रहा है कि साल 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक या ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें फिर से इस प्रारूप में शामिल किया जा सकता है। साल 2028 में होने वाले दो बड़े टी20 टूर्नामेंट के लिए अभी काफी समय है। ऐसे में शुभमन का ध्यान निकट भविष्य के मुकाबलों पर है।

**सूर्यकुमार को बाहर नहीं किया गया बल्कि आराम दिया गया है - एमएसके प्रसाद**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व चयनकर्ता एमएसके प्रसाद का कहना है कि सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी20 टीम से बाहर किये जाने की बातें गलत हैं। वास्तवकता ये है कि उन्हें आराम दिया गया है। वहीं इससे पहले शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आयरलैंड और -इंग्लैंड दौरे के अलावा एशियाई खेलों के लिए भी टीम घोषित कर दी थी पर इसमें सूर्यकुमार को शामिल नहीं किया गया।

चयनकर्ताओं ने सूर्यकुमार की जगह श्रेयस अय्यर को नया कप्तान भी बना दिया। इससे ये कहा जा रहा है कि सूर्यकुमार का अंतरराष्ट्रीय करियर अब समाप्त हो गया है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने 2026 टी20 विश्व कप खिताब जीता था पर इस दौरान उनका स्वयं का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। इसी कारण इस बार उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। वहीं प्रसाद का कहना है कि सूर्यकुमार को जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या की तरह आराम दिया गया है और वह जल्द ही टीम में वापसी करेंगे।

प्रसाद ने कहा, आप अपने विश्वकप विजेता कैप्टन को ऐसे नहीं हटाते। जिस प्रकार से बुमराह और हार्दिक पांड्या को आराम दिया गया है। मेरा मानना है कि उसकी प्रकार से ही सूर्यकुमार को भी आराम दिया गया होगा। उन्होंने आगे कहा, वह बहुत अच्छा और बहुत बड़ा खिलाड़ी है, उसे इस प्रकार से अचानक ही बाहर नहीं किया जा सकता। दूसरी बोर बोर्ड ने सूर्या को किसी भी दौरे के लिए नहीं रखा है जबकि बुमराह का नाम एशियाई खेलों के लिए शामिल है। इससे साफ है कि चयनसमिति की भविष्य की योजनाओं में सूर्यकुमार शामिल नहीं हैं।

इसका एक कारण उनका अनकी बढ़ती उम्र को भी माना जा रहा है।

# टीम की कप्तानी मिलने से सम्मानित महसूस कर रहा हूं-श्रेयस अय्यर

भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नये कप्तान बनाये जाने से श्रेयस अय्यर बेहद खुश है। श्रेयस ने कहा कि वह कप्तानी दिये जाने से सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समितिन ने शनिवार को हुई बैठक में सूर्यकुमार यादव की जगह पर अय्यर को नय कप्तान घोषित कर दिया था। कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने से अय्यर ने कहा कि उन्हें गर्व का अनुभव हो रहा है। मुंबई टी20 लीग में सोबो मुंबई फाल्कन्स की ओर से खेल रहे श्रेयस ने कहा कहा, यह बहुत अच्छा एहसास है और इस स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना और टीम की कप्तानी करना सम्मान की बात है। अय्यर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए आगे कहा कि उन्होंने उसी दिन अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण रन बनाए और जीत दिलाई। इससे राष्ट्रीय टीम की कमान संभालने से पहले उनका आत्मविश्वास और बढ़ा है।

जब उनसे उन प्रशंसकों के लिए कोई संदेश देने को कहा गया जिन्होंने वर्षों से उनका समर्थन किया है, तो श्रेयस ने स्वीकार किया कि उन्हें प्रशंसकों से अपार प्यार मिला है। उन्होंने कहा, मुझे प्रशंसक बहुत पसंद हैं - जिस तरह से उन्होंने मेरा समर्थन किया है और इतने सालों में अपना योगदान दिया है। मुझे लगता है कि यह बहुत बड़ी बात है, और मैं उन पर अपना प्यार और सम्मान बरसाना चाहता हूं। उन्होंने अपने प्रशंसकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनके निरंतर समर्थन के महत्व पर जोर दिया। वहीं, कप्तानी में इस महत्वपूर्ण बदलाव की आधिकारिक घोषणा के बाद, निवर्तमान कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी उन्हें बधाई दी। । सूर्यकुमार ने इस घटनाक्रम को मुंबई क्रिकेट के लिए एक गर्व का क्षण भी बताया।

**श्रेयस अय्यर ने मुम्बई टी20 लीग में आक्रामक पारी खेली**



भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाये जाने के बाद श्रेयस अय्यर ने मुम्बई टी20 लीग में आक्रामक पारी खेलकर अपने को साबित किया है। अय्यर ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की ओर से ये आक्रामक पारी सूर्यकुमार यादव की टीम ट्रायम्फ्स नाइट्स के खिलाफ खेली। श्रेयस ने इस मैच में 36 गेंदों पर 5 चौकों और 4 छक्कों की सहायता से 61 रनों की मैच विजेता पारी खेली। अर्धशतकीय पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी दिया गया। इस पारी के साथ ही श्रेयस ने दिखाया है कि उन्हें कप्तानी दिया जाना सही था। मुंबई टी20 लीग का यह मुकाबला सूर्यकुमार की ट्रायम्फ्स नाइट्स के साथ हो रहा था। ट्रायम्फ्स नाइट्स ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए। इस मैच में सूर्यकुमार ने 48 रनों की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे। इसके बाद 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सोबो मुंबई फाल्कन्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही पर श्रेयस अय्यर ने अपनी अर्धशतकीय पारी 61 रनों की सहयता से मैच का रुख पलट दिया। इससे उनकी टीम ने 20 गेंदें और 5 विकेट शेष रहते आसानी से जीत हासिल कर ली।

**रोहित की तरह ही जीत के बाद भी हटाये गये सूर्यकुमार**

रोहित शर्मा की तरह ही सूर्यकुमार यादव को भी खिताबी जीत के बाद भी भारतीय टी20 टीम की कप्तानी से हटा दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सूर्यकुमार यादव की जगह पर श्रेयस अय्यर को नया टी20 कप्तान बनाया है। जिस प्रकार रोहित को चैम्पियंस ट्राफी की जीत के बाद भी भारतीय एकदिवसीय टीम की कप्तानी से हटाया गया था। वैसा ही कुछ सूर्या के साथ भी हुआ है। रोहित की जगह शुभमन गिल को एकदिवसीय का कप्तान बनाया गया था।

सूर्यकुमार को कप्तानी से हटाए पर रोहित ने कहा, सूर्यकुमार के लिए कुछ भी आसान नहीं रहा है। उसने 30 या 31 साल की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया, जिसका मतलब है कि उसने कभी हार नहीं मानी। वह हमेशा टक्कर में रहना चाहता था और जब अवसर मिला, तो उसने पूरा लाभ उठाया।साल 2021 में अपने पदार्पण के बाद से ही सूर्यकुमार ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शानदार अध्याय लिखा। उन्होंने 113 मैचों में 36.35 के औसत और 162.94 के स्ट्राइक-रेट से 3,272 रन बनाए हैं, जिसमें 25 अर्धशतक और चार शतक शामिल हैं, जिसने वह टी20 में काफी समय तक नंबर एक स्थान पर रहे। 2024 टी20 विश्व कप के बाद रोहित और विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्हें भारतीय टीम की कप्तानी मिली थी। उनकी कप्तानी में भारत ने कोई भी सीरीज नहीं हारी और एशिया कप के साथ-साथ टी20 विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट भी जीते।

**श्रेयस अय्यर सफल कप्तान साबित होंगे -रोहित**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 प्रारुप के लिए कप्तान बनाये गये श्रेयस अय्यर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनमें वो सभी खूबियां है जो सफल कप्तान में होनी चाहिये। ऐसे में कप्तान के तौर पर उनका कार्यकाल सफल रहेगा। रोहित के अनुसार कप्तान के तौर पर उन्हें आईपीएल और घरे्लू क्रिकेट में अच्छा अनुभव है जो उनके काम आयेगा। उन्होंने कहा है कि अय्यर भारतीय टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और देश के भावी कप्तान के रूप में एक शानदार कार्यकाल बिताएंगे। रोहित ने कहा कि श्रेयस को आईपीएल कप्तानी के अनुभवों का भी लाभ मिलेगा। रोहित ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स को 2024 का खिताब जिताने और फिर 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाने के उनके अच्छे रिकॉर्ड को देखते हुए, उन्हें पूरा विश्वास है कि वह भारतीय टीम की कप्तान संभालने के लिए तैयार हैं। टी20 मुंबई लीग के ब्रांड एंबेसडर बने रोहित ने कहा, मुझे भरोसा है कि पिछले कुछ साल में उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी के लिए जिस तरह से कप्तानी की है, उसे देखते हुए उनका समय अच्छा रहेगा।रोहित ने कहा कि मुंबई के क्रिकेटरों के लिए कुछ भी आसान नहीं होता क्योंकि मुकाबला कड़ा होता है। उन्होंने कहा, देखिए, मुंबई में खेलना और मुंबई का प्रतिनिधित्व करना आपको बहुत कुछ सिखाता है क्योंकि यहां कुछ भी आसानी से नहीं मिलता। रोहित ने स्पष्ट किया कि कप्तानी ऐसी चीज है जिसे हासिल करना पड़ता है और अपने आसपास के लोगों का सम्मान पाना होता है, और अय्यर के पास ये सभी खूबियां मौजूद हैं। वहीं रोहित ने कप्तानी से हटाये गये सूर्यकुमार यादव के कार्यकाल की भी जमकर तारीफ की, जिनके नेतृत्व में राष्ट्रीय टीम ने इसी साल की शुरुआत में अपना तीसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता था। रोहित ने सूर्यकुमार की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका रवैया कभी न हार मानने का रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में गांव मूनक में निकाली गई भव्य योग यात्रा

**मूनक, 8 जून ( जय भगवान ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा मूनक में एक भव्य योग जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया। यह योग यात्रा आयुष विभाग के आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल तथा मूनक ब्लॉक इंचार्ज डॉ. रितेश चहल के निर्देशानुसार आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। योग यात्रा का शुभारंभ गांव मूनक से किया गया, जिसमें योग प्रशिक्षकों, योग सहायकों तथा स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा के दौरान योग के महत्व, नियमित योगाभ्यास के लाभों तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उद्देश्यों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का



संदेश दिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक राजेश देवगन, योग सहायक सुमन संधु, योग प्रशिक्षक सोहन लाल तथा कुसुम ने योग यात्रा के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों को बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता और तनावमुक्त जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। योग के माध्यम से व्यक्ति अनेक बीमारियों से बच सकता है तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन व्यतीत कर सकता है। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने योग अपनाने, स्वस्थ रहने और समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए योग दिवस से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

# योग जागरण यात्रा से गूंजा गुल्लरपुर, करो योग-रहो निरोग के नारों से लोगों को किया जागरूक

**निसिंग, 8 जून ( जोगिंद्र सिंह ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल जास्ट के निर्देशानुसार गांव गुल्लरपुर में योग जागरूकता अभियान के तहत भव्य योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया। योग सहायक रीना रानी के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में गांव के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता



का परिचय दिया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने करो योग रहो निरोग, योग ही जीवन है, योग ही जीवन का आधार जैसे प्रेरणादायक नारों का उद्घोष कर पूरे गांव में स्वास्थ्य एवं फिटनेस का संदेश फैलाया। योग जागरण यात्रा का उद्देश्य लोगों को नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। योग सहायक रीना रानी ने बताया कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने ग्रामीणों से प्रतिदिन योग करने और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर दिलीप सिंह, ऋषिपाल, चंपा देवी, माफी, वंदना, रेखा, प्रीति, रामरति देवी, कमला देवी, संतोष देवी सहित अनेक ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ यात्रा में सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि गांव गुल्लरपुर में योग सहायक रीना रानी द्वारा प्रतिदिन प्रातःकाल योग कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिनमें ग्रामीण नियमित रूप से भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# युवाओं ने केक काटकर मनाया भाजपा नेता विनय संधू गगसीना का जन्मदिन

***स्वस्थ शरीर और बेहतर जीवन के लिए नियमित व्यायाम तथा एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी : विनय संधू गगसीना***



**करनाल, 8 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** सोमवार को सेक्टर-12 स्थित एटथ फिटनेस जिम में भाजपा नेता एवं किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनय संधू गगसीना का जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विनय संधू ने युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें फिटनेस के प्रति जागरूक रहने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और बेहतर जीवन के लिए नियमित व्यायाम तथा एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है। आज के समय में युवाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़कर समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। इस मौके पर उपस्थित युवाओं ने भी नियमित रूप से व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ हुआ।

इस अवसर पर बलकार बलड़ी, विक्रम मेहला, सुरेंद्र, पाला, तरुण मदान, सतपाल, विकास शर्मा, सीताराम, संदीप, अनिल सहित आदि मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनियों एवं निर्माण गतिविधियों पर नियमित कार्रवाई करें अधिकारी : डीसी

**कैथल, 8 जून ( सुरेंद्र कुमार ) :** डीसी अपराजिता ने कहा कि जिले में अवैध कॉलोनियों तथा अनधिकृत निर्माण गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और नियमों के उल्लंघन करने वालों पर नियमित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध निर्माण गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। डीसी अपराजिता सोमवार को जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। डीसी ने कहा कि जहां कहीं भी नई अवैध कॉलोनी विकसित होने या निर्माण गतिविधियां शुरू होने की सूचना मिले, वहां तुरंत कार्रवाई की जाए। अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसके विरुद्ध अभियान लगातार जारी रखा जाए। इसके अलावा सभी अधिकारी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार निपटान सुनिश्चित करें तथा किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। बैठक में डीटीपी प्रवीन कुमार ने अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी 2025 से अप्रैल 2026 के दौरान जिले में 52 अवैध कॉलोनियां चिन्हित की गई है, जिसमें से 45 में डिमोलिशन की कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा 41 मामलों में एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है। अवैध कॉलोनियों और निर्माण गतिविधियों के विरुद्ध इस माह छह विशेष अभियान प्रस्तावित किए गए हैं। इस अवसर पर डीटीपी प्रवीन कुमार, डीएसपी बीरभान, पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मां की रसोई के चार वर्ष पूर्ण होने पर रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**रतिया, 8 जून ( अमन सेठी ) :** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही माँ की रसोई संस्था के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 5 जुलाई 2026 को भव्य आयोजन करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी संबंध में रविवार को दोपहर 2 बजे माँ की रसोई कार्यालय में संस्था के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था के चार वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संस्था के सदस्य वरिंदर पपनेजा राजू ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के दौरान एक विशाल रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा, ताकि जरूरतमंद मरीजों की सहायता की जा सके और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने सभी सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने के लिए तन, मन और समय से सहयोग देने का आह्वान किया। बैठक में



कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, जिम्मेदारियों के वितरण तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में धनी राम, रमेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, राज कुमार, जनक राज गोयल, सतीश मेहता, विनोद कुमार राजू, शाम लाल चुघ, सुरिंदर छिंदा, श्यामा मेहता तथा संदीप कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया और आयोजन को यादगार बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। संस्था के सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि माँ की रसोई का यह स्थापना दिवस समारोह सामाजिक सेवा और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा तथा रक्तदान शिविर के माध्यम से मानवता की सेवा का संदेश भी देगा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची होगी और अधिक शुद्ध व पारदर्शी : एडीसी सुशील कुमार

**कैथल, 8 जून ( सुरेंद्र कुमार ) :** पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल पात्र मतदाताओं के नाम ही मतदाता सूची में दर्ज हों तथा प्रत्येक योग्य नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। एडीसी सुशील कुमार सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बारे में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान मृत मतदाताओं के नाम हटाने, दोहरी प्रविष्टियों को समाप्त करने, स्थानांतरित मतदाताओं के रिकॉर्ड को अपडेट करने तथा नए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 184 मतदान केंद्र हैं। कुल 1 लाख 94 हजार 11 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 1 लाख 57 हजार 227 मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष मतदाताओं का सत्यापन कार्य जारी है। सुशील कुमार ने बताया कि 14 जून तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को दो प्रपत्र देंगे, जिन्हें मतदाता द्वारा भरा जाएगा। सभी मतदाता अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो जरूर साथ रखें। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने या अन्य त्रुटियों को समय रहते दूर किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें।

# पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग : कामना राणा

***कहा : धरती को हरा-भरा बनाने के लिए पौधे लगाना बेहद जरूरी***



**यमुनानगर, 8 जून ( दिनेश कुमार ) :** मानवता जनशक्ति फाउंडेशन की महिला विंग द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन महिला विंग की जिलाध्यक्ष कामना राणा ने सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

पौधारोपण करने के बाद उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कामना राणा ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। पर्यावरण सरंक्षण के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, ताकि वातावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के दौर में जिस तरह से प्रदूषण हमारे वातावरण को प्रदूषित कर रहा है इसलिए सभी एकजुटता के साथ इस नेक और पुनीत कार्य में हिस्सा लें और समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें।

उन्होंने कहा कि धरती को हरा-भरा बनाने के लिए पौधे लगाना बेहद जरूरी है। उन्होंने फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सोच है कि समाजसेवा के साथ-साथ अधिक से अधिक पौधे लगाएं जाएं, क्योंकि पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है।

उनके मार्गदर्शन में पौधे लगाओं पर्यावरण बचाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कामना राणा, कल्पना चौहान, सुषमा अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, ममता जसवाल, रेनू शर्मा, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की पूरी टीम उपस्थित रही।

## पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव : दिलबाग चौधरी

**असंध, 8 जून ( दलसिह मान ) :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोल्डन ग्रुप ऑफ फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज गांव मूंड के मन्दिर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलबाग सिंह चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संरक्षण से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल और हरा-भरा स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करना है। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलबाग सिंह चौधरी नें कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार है। पेड़ पौधे न




केवल हमें छाया और फल -फूल देते हैं, बल्कि जीवनोपयोगी ऑक्सीजन भी देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास जितने ज्यादा पेड़ होंगे, वातावरण उतना ही शुद्ध होगा। उन्होंने कहा कि पौधारोपण प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने आम, अमरूद, नींबू, जामुन, आंवला, सीताफल, तुलसी, नीम, गिलोय जैसे विभिन्न फलदार व औषधीय पौधे लगाए गए। सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ, संतुलित और सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर फाउंडेशन के वाइस प्रधान हियान चौधरी नें कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। ज्यांदा से ज्यादा पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाने से केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि समाज और मानवता का भविष्य भी सुरक्षित होता है। हमें नियमित रूप से पौधारोपण कर इसे जनआंदोलन बनाना होगा। इस अवसर पर संदीप, मालकीत, रविंद्र, गुरजंट व शिवांग आदि उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष प्रबंधन के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करवाए जाएंगे कृषि यंत्र

**हिसार, 8 जून ( ब्यूरो ) :** उप कृषि निदेशक डॉ राजबीर सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा आरकेवीवाई योजना के तहत पराली जलाने की घटनाओं एवं वायु प्रदूषण को कम करने के लिए चालू वित्त वर्ष 2026-27 में फसल अवशेषों को खेत में मिलाने व पराली प्रबंधन के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध करवाए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल www. agri haryana.gov.in पर 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रॉ चॉपर/श्लेशर/मल्चर, बेलर, श्रब मास्टर/रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लाऊ, जीरो सीड ड्रिल, सरफेस सीडर, बेलिंग मशीन, स्ट्रा-रेक, क्रॉप रीपर, ट्रैक्टर माउंटेड लोडर (बिना ट्रैक्टर के) सहित विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाना तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोडना है। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले किसान का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर खरीफ व रबी सीजन वर्ष 2025-26 के लिए पंजीकरण होना अनिवार्य है, चाहे किसान स्वयं भूमि का मालिक भी न हो। किसान एक ही मशीन के लिए आवेदन कर सकेगा तथा उसी मशीन पर अनुदान का लाभ मिलेगा। उप कृषि निदेशक डॉ राजबीर सिंह योजना के तहत आवश्यक दस्तावेजों में पैन कार्ड, आधार कार्ड, ट्रैक्टर की वैध आरसी, बैंक पासबुक, स्वयं घोषणा पत्र, लघु एवं सीमांत किसान की पटवारी रिपोर्ट आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की देखरेख में 25 जून को ड्रॉ निकाला जाएगा। ड्रा में चयनित किसानों को 7 दिनों के अंदर-अंदर अपने सभी दस्तावेज जैसे कि पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की कॉपी, ट्रैक्टर की वैध आरसी, पटवारी रिपोर्ट, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, रबी एवं खरीफ वर्ष 2025-26 का दस्तावेज, आवेदन फॉर्म, स्वयं घोषणा पत्र, इत्यादि सहायक कृषि अभियंता कार्यालय, लघु सचिवालय तृतीय तल हिसार में जमा करवाने होगे। चयन उपरांत किसान 30 जुलाई 2026 तक मशीन विभागीय पोर्टल पर अनुमोदित निर्माताओं में से अपनी पसंद की निर्माता से मोल-भाव करके मशीन ले सकते है। निर्माता/डीलर द्वारा 2 लाख से कम राशि की मशीन पर 1 साल की वारंटी एवं 2 लाख से अधिक राशि की मशीन पर 2 साल की वारंटी और 5 साल तक मशीन के सर्विस, स्पेयर पार्ट इत्यादि की वारंटी बिल पर लिखकर देना होगा तथा मशीन की खरीद का भुगतान केवल ऑनलाइन अथवा चेक के माध्यम से मान्य होगा, नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक व सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में कृषि विकास अधिकारी कपिल सैनी से उनके मोबाइल नंबर 79886-54906 पर संपर्क कर सकते है।

## राजौंद में बंदरों ने महिला को काटा तो डर से छत से गिरी

**राजौंद, 8 जून ( नरेश कुमार ) :** नगर में आए दिन बंदरों के काटने की घटनाएं देखने को मिल रही है। कहीं छोटे बच्चों को तो कहीं बुजुर्गों को काटकर अपना शिकार बना रहे हैं। इसी क्रम में आज शहर के वार्ड नं 13 में बंदरों के काटने से एक महिला घायल हो गई। परिजनों के मुताबिक संगीता छत पर कपड़े सुखारी थी इसी दौरान अचानक बंदरों ने उसे पर हमला बोल दिया। हमले में एक मंदिर ने उसके बाजू को काट लिया और वह घबराहट में छत से नीचे गिर गई। और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को तुरंत राजौंद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालात को देखते हुए उसे कैथल रेफर कर दिया गया। शहर बंदरों का आंतक लगातार बढ़ता जा रहा है। आजकल भीषण गर्मी के चलते गलियों में इन्सान की जगह बंदर घूमते दिखाई देते हैं। जब इस सुनसान गली में अकेला कोई मनुष्य आ जा रहा होता है तो बंदर उसे पर हमला कर देते हैं। नगर के लोग काफी परेशान हैं। प्रशासन बंदर पकड़ने के दावे कर रहा है इसके बाद भी अलग-अलग वार्डों और बस्तियों में बंदर खुलेआम हुड़दंग मचाते दिखाई दे रहे। नगर के सरकारी अस्पताल में भी बंदरों के बड़े-बड़े झुंड अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग की छतों पर बैठे रहते हैं। जहां जच्चा बच्चा वार्ड पास में ही है जहां महिलाओं और नवजात शिशुओं को काटने का भय बना रहता है। नगर के लोगों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने का अपील की है।

# राधा कृष्ण अकैडमी जगाधरी में सेफ सिटी टीम ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

**यमुनानगर, 8 जून ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम लगातार विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, साइबर जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक कर रही है। इसी अभियान के तहत सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने राधा कृष्ण अकैडमी जगाधरी में में पहुंचकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए डायल 112 सेवा के महत्व और उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एएसआई नीलम ने बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, दुर्घटना, अपराध या सहायता की आवश्यकता होने पर नागरिक तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर सकते हैं, जहां से उन्हें त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस सुविधा का उपयोग किया जा सकता है, जिससे परिजनों और संबंधित एजेंसियों को यात्रा की जानकारी उपलब्ध रहती है और जरूरत पड़ने पर समय रहते सहायता पहुंचाई जा सकती है।



जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। एएसआई नीलम ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस और संबंधित हेल्पलाइन पर दें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका सेफ सिटी टीम द्वारा विस्तार से उत्तर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन और एनसीसी अधिकारियों ने जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एएसआई प्रितपाल सिंह ने घनौर ट्रैफिक इंचार्ज का चार्ज संभाला, जनता को नियमों प्रति जागरुक करेंगे



घनौर 8 जून (राजिंदर सिंह कंबोज) एएसआई प्रितपाल सिंह ने घनौर ट्रैफिक इंचार्ज का चार्ज संभाल लिया है एसएसपी पटियाला वरुण शर्मा और डीएसपी ट्रैफिक पुनीत सिंह चहल ने प्रितपाल सिंह को घनौर में ट्रैफिक डिपार्टमेंट का नया इंचार्ज अपॉइंट किया है और नए इंचार्ज ने चार्ज संभाल लिया है। इस मौके पर रिपोर्टर्स से बात करते हुए प्रितपाल सिंह ने कहा कि वह पहले राजपुरा, बनूड़ पुलिस स्टेशन में सर्विस दे चुके हैं। अब उन्हें घनौर ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज अपॉइंट किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी ट्रैफिक पुलिस स्कूलों में सेमिनार ऑर्गनाइज करके बच्चों को ट्रैफिक पुलिस रूल्स के बारे में बताएगी और उन्हें टू-व्हीलर्स पर हेलमेट पहनने के लिए मोटिवेट करेगी। बिना हेलमेट, लाइसेंस, नंबर प्लेट के गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक रूल्स एक्ट के तहत एक्शन भी लिया जाएगा। उन्होंने घनौर के लोगों से अपील की कि वे ट्रैफिक पुलिस को अपना ज्यादा से ज्यादा कोऑपरेशन दें ताकि किसी भी तरह की ट्रैफिक प्रॉब्लम को सॉल्व किया जा सके। जन सहयोग अति आवश्यक है।

## अनेक जिलों में 12 तक लू चलने का अलर्ट

जालंधर 8 जून (निस) पंजाब में आज मौसम साफ रहेगा। हालांकि, होशियारपुर, रूपनगर और मोहाली में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इन इलाकों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने 8 जून से 12 जून तक हीटवेव के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन दिनों पूरे राज्य में मौसम स्थिर रहने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, आने वाले दिनों में 20 जिलों के लिए कोई चेतावनी नहीं है। फाजिल्का, मुक्तसर, बठिंडा और मानसा के कुछ इलाकों में हीटवेव की चेतावनी है, जबकि पठानकोट, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, होशियारपुर, नवांशहर, कपूरथला, जालंधर, फिरोजपुर, फरीदकोट, मोगा, लुधियाना, बरनाला, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, पटियाला और रूप नगर के लिए कोई चेतावनी नहीं है।

# सीएम तीर्थयात्रा योजना के अधीन मोहाली से 52वीं एवं 53वीं बस श्रीअमृतसर साहिब के लिए रवाना



मोहाली, 8 जून (निस) मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र मोहाली से श्रद्धालुओं की दो बसें श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना की गईं। इन बसों में सवार श्रद्धालु श्री दरबार साहिब, श्री दुर्गियाना मंदिर, राम तीर्थ वाल्मीकि मंदिर, वाघा बॉर्डर तथा जलियांवाला बाग के दर्शन करेंगे। विधायक कुलवंत सिंह के मार्गदर्शन एवं देखरेख में आज मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मोहाली से 52वीं और 53वीं बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ये बसें फेज-1 तथा फेज-2, वार्ड नंबर 5 से श्री अमृतसर साहिब के लिए रवाना हुईं। बसों में सवार श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और विधायक कुलवंत सिंह का बार-बार धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने पंजाब के वरिष्ठ नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें इस पवित्र यात्रा का अवसर प्रदान किया है।पार्षद अरविंदर कौर ने कहा कि सामूहिक रूप से धार्मिक स्थलों की यात्रा करना एक सुखद और यादगार अनुभव होता है। इससे श्रद्धालुओं के बीच विचारों का आदान-प्रदान होता है तथा आपसी संबंधों में मधुरता और ताजगी आती है, जिससे समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्षद अरविंदर कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं की प्रत्येक आवश्यकता का विशेष ध्यान रखा गया है। यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बस में चिकित्सा विशेषज्ञ तथा गाइड की व्यवस्था भी की गई है। इसके अतिरिक्त यात्रियों के रहने, खाने-पीने और अन्य सुविधाओं का पूरा प्रबंध पंजाब सरकार द्वारा किया गया है इन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक कार्य किए जा रहे हैं ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक समय के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके तथा युवाओं की रुचि के अनुसार उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ाए जा सकें। इस अवसर पर फेज-1 से गुरमीत सिंह, गुरजीत सिंह, रणजीत सिंह, अमरजीत सिंह और बलदेव राज उपस्थित थे, जबकि वार्ड नंबर 5 से दर्शन सिंह, रविंदर सिंह तथा श्रीमती रेनू सूद भी मौजूद रहीं।

# मीरी-पीरी के सिद्धांत ने सिख कौम को दी नई दिशा-हरमीत सिंह कालका



नई दिल्ली, 8 जून (निस)दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने छठे पातशाह साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के पावन गुरतागद्दी दिवस के अवसर पर देश-विदेश में निवास कर रही समस्त संगतों को लाख-लाख बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का गुरतागद्दी दिवस सिख इतिहास का एक अत्यंत महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दिवस है। गुरु साहिब जी ने मीरी और पीरी के सिद्धांत को व्यवहार में लाकर सिख कौम को आध्यात्मिकता और शक्ति के अद्वितीय संतुलन का संदेश दिया। उन्होंने मानवता की रक्षा, धार्मिक स्वतंत्रता तथा अत्याचार के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने कहा कि श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने सिख कौम को केवल नाम सिमरन और सेवा से ही नहीं जोड़ा, बल्कि अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करने का साहस भी प्रदान किया। अकाल तख्त साहिब की स्थापना तथा दो तलवारें धारण करके गुरु साहिब जी ने यह संदेश दिया कि धर्म और समाज की रक्षा के लिए आध्यात्मिक शक्ति के साथ-साथ सांसारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना भी आवश्यक है। सरदार कालका ने संगतों से अपील की कि वे गुरु साहिब जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएँ और सत्य, न्याय, सेवा, दया तथा मानवता के कल्याण के लिए कार्य करें।

## लुधियाना में दिनदहाड़े वारदात, पेमेंट लेने जा रहे युवक को लुटेरों ने बनाया निशाना

लुधियाना 8 जून (निस) महानगर में लुटेरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे दिनदहाड़े राहगीरों को अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला नूरांवाला रोड इलाके से सामने आया है, जहां फैक्टरी की पेमेंट लेने जा रहे एक युवक को बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने न केवल बुरी तरह पीटा, बल्कि उसका नकदी से भरा बैग और जरूरी दस्तावेज तक छीन लिए। थाना मेहरबान की पुलिस ने जसविंदर सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित युवक ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि वह बीते 3 जून की दोपहर करीब 1:50 बजे वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर फैक्टरी की पेमेंट लेने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह नूरांवाला रोड के पास स्थित आलू स्टोर के करीब पहुंचा, तो पीछे से मोटरसाइकिल पर आए दो अज्ञात युवकों ने उसे घेर लिया। बदमाशों ने उसे धक्का मारकर मोटरसाइकिल से नीचे गिरा दिया और लात-घूसों से मारपीट की। इसके बाद लुटेरे उसका पैसों वाला बैग, पर्स और मोटरसाइकिल की चाबी छीनकर मौके से फरार हो गए।

## आवारा पशु जान-माल का कर रहे नुकसान एडवोकेट रमेश शर्मा



सुनाम उधम सिंह वाला 8 जून (मोहन शर्मा) शहर में आवारा पशुओं के घूमने से रोज़ हो रहे हादसे लोगों के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। ये बातें सीनियर एडवोकेट और समाज सेवी संस्थाओं के आगु एडवोकेट श्री रमेश शर्मा ने कहीं। उन्होंने कहा कि शहर में आवारा पशु घूम रहे हैं जो हर गली-मोहल्ले में झुंड बनाकर बैठे रहते हैं और गलियों में पड़े कूड़े के ढेर पर मुंह मारते रहते हैं छोटे छोटे बच्चे स्कूल से आते हैं और बुजुर्ग अपने घरो बाहर निकालते समय इन आवारा पशुओं से डरते हैं। उन्होंने शहर के हर वार्ड में नए चुने गए पार्षदों और नगर कौंसिल के कर्मचारियों से गुज़ारिश की कि हम मिलजुल कर इन आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए इकट्ठे होकर उन्हें पकड़ कर किसी बीड़ या गौशाला में भेजा जाए, ताकि शहर के लोगों को इन आवारा पशुओं से राहत मिल सके। अगर हम ऐसा कर पाए तो यह हमारे शहर के लोगों के प्रति सच्ची समाज सेवा होगी।

## योग्यता पर नौकरी...सीएम मान

पृष्ठ एक का शेष ... से सशक्त बनाने के चल रहे मिशन में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है इस अवसर की कुछ झलकियां साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, आज 355 और युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए, जिससे अब तक दी गई सरकारी नौकरियों की कुल संख्या 67,037 हो गई है। ये सारी नौकरियां पूरी तरह योग्यता और पारदर्शिता के आधार पर दी गई हैं। ऐसे समय में जब देश भर में नीट जैसे पेपर लीक हो रहे हैं, पंजाब ने ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ भर्ती प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करके और शिक्षा के क्षेत्र में देश भर में शीर्ष स्थान हासिल करके मिसाल कायम की है मैं नव-नियुक्त उम्मीदवारों से अपील करता हूं कि वे सरकारी दफ्तरों में वरिष्ठ नागरिकों और आम लोगों के काम को प्राथमिकता दें। 'आप' सरकार युवाओं के विदेशों की ओर पलायन को रोकने और उन्हें पंजाब में ही तरक्की के मौके प्रदान करके उनके सपनों को पंख देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।नव-नियुक्त उम्मीदवारों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, हमारी सरकार में उम्मीदवारों के चयन का एकमात्र मापदंड कड़ी मेहनत, समर्पण और योग्यता है। वह दिन गए जब सरकारी नौकरियां रिश्वत, सिफारिशों या राजनीतिक संबंधों के आधार पर बांटी जाती थीं। आज योग्य उम्मीदवारों को निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से नौकरियां दी जा रही हैं। इन युवाओं ने सफलता प्राप्त करने के लिए दिन-रात मेहनत की है और यह उनके सफर की सिर्फ शुरुआत है। उनके लिए तरक्की की उड़ान भरने के लिए आसमान खुला है और मैं सभी उम्मीदवारों को आगे और बड़े मुकाम हासिल करने के लिए प्रयासरत रहने की सलाह देता हूं।

## सीएम सैनी..

पृष्ठ एक का शेष ..

के लोग चुनौती देखकर झुकते नहीं बल्कि वे और मजबूत हो जाते हैं। और यही कारण है कि आज छह दशकों के अपने सफर में हरियाणा की धरती सदैव राष्ट्र निर्माण में अग्रणी रही है। चाहे कृषि हो, खेल हो, सेना हो, उद्योग हो या सामाजिक परिवर्तन, हरियाणा ने देश को नई ऊर्जा और नई प्रेरणा दी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन का विषय %भविष्य की चुनौतियों से निपटने और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में जागरूक समाज और विधायकों की भूमिका% है। यह विषय आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है और वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जब वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा, तो वह केवल एक घोषणा नहीं थी। वह 140 करोड़ भारतीयों के सपनों को दिशा देने वाला राष्ट्रीय संकल्प है।

**इंडिया ब्लॉक की बैठक...**

का आयोजन किया जाएगा। गठबंधन की अगली बैठक 8 अगस्त को हैदराबाद में आयोजित होगी, जिसमें आगे की राजनीतिक रणनीति और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। **राहुल, ममता, अखिलेश समेत शीर्ष नेता शामिल**-इस बैठक में विपक्षी गठबंधन के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत कई अन्य विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जालंधर में ब्लैकमेल, मारपीट और रंगदारी का मामला, पुलिस ने 4 आरोपी किए काबू

जालंधर 8 जून (निस) जालंधर से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बस्ती दानिशमंदा के कटरा मोहल्ले की रहने वाली रुबीना नामक महिला ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि रुबीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर शादी का फंक्शन था। जिसके लिए वह बूटा मंडी इलाके से मरी हुई भैंस का 15-20 किलो मीट लाए थे। इस दौरान उनके घर में धर्मेंद्र मिश्रा व उसके साथी आए। उन्होंने वीडियोग्राफी की और ब्लैकमेल करते हुए कहा कि वह उन पर गाय का मांस लाने का आरोप लगा कर कार्रवाई करवाएंगे अगर वह ऐसा नहीं चाहते को उन्हें 2 लाख रुपए दिए जाएं। इस दौरान युवकों द्वारा महिला से मारपीट की गई और एक बुजुर्ग महिला पर भी हाथ उठाया गया। उक्त परिवार के पास 2 लाख रुपए नहीं थे जिसके बाद आरोपी 60 हजार रुपए लेकर चले गए। घटना के बाद पीड़ित महिला थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने तुरंत बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा सहित 4 लोगों को काबू किया है और धर्मेंद्र मिश्रा की पिस्तौल भी बरामद की है। वहीं इस मामले में 2 व्यक्ति फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## नहर में डूबे युवक का बरामद हुआ शव, पोस्टमार्टम रिपोर्ट खोलेगी राज!

लुधियाना 8 जून (निस) महानगर के डेहलों इलाके से दो दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूबे 27 वर्षीय विक्की कुमार के मामले में एक बहुत बड़ी और दर्दनाक खबर सामने आई है। लगातार दो दिनों से नहर की खाक छान रहे गोताखोरों को आखिरकार आज विक्की का शव बरामद हो गया है। पुलिस ने तुरंत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचा दिया है। जहां एक तरफ विक्की की लाश मिलने के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया है और मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं दूसरी तरफ पीड़ित परिवार आज भी अपनी इस बात पर अड़ा है कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि दोस्तों द्वारा रची गई एक सुनियोजित और खौफनाक साजिश के तहत की गई हत्या है। जबकि थाना पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा किए जाने वाले पोस्टमार्टम के बाद ही यह पूरी तरह से साफ हो पाएगा कि विक्की के फेफड़ों में पानी भरने से मौत हुई है या उसे डूबने से पहले कोई चोट पहुंचाई गई थी। पुलिस का दावा है कि जिन दोस्तों पर पीड़ित परिवार ने हत्या का संगीन आरोप लगाया है, उन्हें पूछताछ के लिए राउंडअप किया जा रहा है।

## विस्फोटक के साथ पकड़े 3 कश्मीरियों को 10 साल की सजा, छात्र बनकर रह रहे थे आतंकी!

मोहाली/जालंधर 8 जून (निस) करीब आठ साल पुराने आतंकवाद से जुड़े एक चर्चित मामले में मोहाली की एनआईए विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आतंकी संगठन अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े तीन कश्मीरी युवकों को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। तीनों आरोपियों को 1 जून को दोषी करार दिया गया था, जबकि आज आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया जहां उन्हें सजा सुनाई गई है। दोषियों की पहचान जाहिद गुलजार, यासिर रफीक भट और मोहम्मद इदरीस शाह के रूप में हुई है। तीनों जम्मू-कश्मीर के निवासी हैं। इनमें से एक आरोपी कुख्यात आतंकी जाकिर मूसा का चचेरा भाई बताया जाता है। वहीं इस मामले में आरोपी बनाए गए सुहैल अहमद भट को अदालत पहले ही सबूतों के अभाव में बरी कर चुकी है।

इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब, सरहिंद रोड पटियाला के कीप जगजीत सिंह से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड, पटियाला से प्रकाशित किया।

PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985

# एशिया जूनियर गोल्ड मेडलिस्ट सहनूर बावा को केबिनेट मंत्री अरोड़ा ने सम्मानित किया



सुनाम, 8 जून (मोहन शर्मा) कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने अपने दफ्तर में संगरूर जिले के गांव खडियाल की एथलीट सहनूर बावा को सम्मानित किया, जिन्होंने हांगकांग में हुई अंडर-20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इंडियन टीम का हिस्सा बनकर रिले रेस में गोल्ड मेडल जीता। इस मौके पर उन्होंने सहनूर बावा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि सहनूर बावा की यह उपलब्धि न केवल सुनाम इलाके के लिए, बल्कि पूरे पंजाब और देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि एक साधारण परिवार से उठकर इंटरनेशनल लेवल पर देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना उनकी कड़ी मेहनत, लगन और पक्के इरादे की निशानी है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को हर मुमकिन सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी का नतीजा है कि आज पंजाब के युवा नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर शानदार प्रदर्शन करके राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। अमन अरोड़ा ने कहा कि सहनूर बावा जैसी बेटियां पंजाब के दूसरे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में वह ओलंपिक और दूसरे वर्ल्ड क्लास मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व करके नए रिकॉर्ड बनाएंगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार खिलाड़ियों को हाई-लेवल ट्रेनिंग, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और ज़रूरी फाइनेंशियल मदद देने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। राज्य में खेलों का स्टैंडर्ड बढ़ाने के लिए मॉडर्न स्टेडियम बनाने के साथ-साथ काबिल कोच भी रखे जा रहे हैं।

## लुधियाना में बेखौफ चोरों का आतंक, बंद मकान को बनाया निशाना, लाखों का सामान चोरी

लुधियाना 8 जून (निस) महानगर के आत्म नगर इलाके में एक बंद मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। शातिर चोर इस कदर बेखौफ थे कि वे कमरों के ताले तोड़ने के साथ-साथ बाथरूम में लगीं टोटियां तक उखाड़ कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना मॉडल टाउन की पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में जोगिन्दर लाल ने बताया कि उनके इस मकान में प्रभजोत सिंह नामक व्यक्ति बतौर किराएदार अपने परिवार समेत रहता है। बीते दिनों 18 मई को किराएदार प्रभजोत सिंह अपने मकान को अच्छी तरह ताला लगाकर सपरिवार किसी काम से बठिंडा गया हुआ था। इसके बाद बीते दिन 6 जून को जब मकान मालिक रूटीन में मकान का चक्कर काटने के लिए वहां पहुंचे, तो उनके होश उड़ गए। मकान मालिक ने देखा कि घर का मुख्य गेट पहले से ही खुला हुआ था। जब उन्होंने अनहोनी की आशंका के चलते घर के अंदर जाकर अंदरूनी कमरों की जांच की, तो देखा कि चोरों ने अंदर के सभी कमरों के ताले बेरहमी से तोड़ रखे थे और अंदर सामान खंगाला गया था। इतना ही नहीं शातिर चोर घर के बाथरूमों में लगीं कीमती टूटियां भी उखाड़ कर अपने साथ ले गए थे। मकान मालिक की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया है। चोरों की तलाश की जा रही है।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3090 की भव्य एसेंबली संपन्न, राज्यपाल ने घनश्याम कांसल को सम्मानित किया



सुनाम 8 जुन ( मोहन शर्मा) रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3090 की एक भव्य और महत्वपूर्ण असेंबली का आयोजन चंडीगढ़ में किया गया। इस हाई-प्रोफाइल असेंबली में पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न रोटरी क्लबों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह पूरी असेंबली वर्ष 2026-27 के भावी रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित सिंगला के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें रोटरी के आगामी सेवा कार्यों का खाका तैयार किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पंजाब के माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने रोटरी क्लब द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पूर्व जिला गवर्नर घनश्याम कांसल का विशेष सम्मान रहा। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने समाज के प्रति उत्कृष्ट सेवाओं के लिए घनश्याम कांसल को विशेष रूप से सम्मानित किया।अपने संबोधन में राज्यपाल ने कांसल के कार्यकाल के दौरान स्थापित किए गए ऐतिहासिक सेवा प्रकल्पों का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कांसल द्वारा शुरू किए गए कार्य समाज के वंचित वर्ग के लिए आज भी वरदान साबित हो रहे हैं। राज्यपाल ने विशेष तौर पर सुनाम में स्थापित किए गए रोटरी आई अस्पताल और कैंसर अस्पताल में आधुनिक उपकरण मुहैया करवाने जैसे बड़े सेवा कार्यों का जिक्र करते हुए उनकी पीठ थपथपाई इस प्रतिष्ठित असेंबली में समाज और राजनीति से जुड़ी कई जानी-मानी शख्सियतों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू, वरिष्ठ भाजपा नेत्री दामन बाजवा और मक्खन लाल गर्ग सहित कई अन्य गणमान्य लोग व रोटरी सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे।

